www.tamsasanket.com
वर्ष: 29 || अंक 307 || अम्बेडकरनगर
सोमवार
02 फ़रवरी 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदय: 06:51
सूर्यास्त: 05:49
अधिकतम: 25°00
न्यूनतम: 14°00



पेज 07

विशेष समाचार | विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण ... >> पेज 04 | पेट्रोल डालकर युवक ने लगाई ... >> पेज 06 | श्रद्धा कपूर को फिल्म में कास्ट ...

## इनकम टैक्स में बदलाव नहीं, 17 कैंसर मेडिसिन ड्यूटी फ्री, 3 आयुर्वेदिक एम्स, 7 हाईस्पीड रेल कॉरिडोर बनेंगे

# आम बजट लोकसभा में पेश

### ऐलान

**तमसा संकेत, एजेंसी**

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को बजट पेश कर दिया। वे संसद में 85 मिनट बोलीं, लेकिन आम आदमी के लिए कोई बड़ा ऐलान नहीं किया। हालांकि टैक्स फाइल करने में सहूलियत, रेलवे प्रोजेक्ट और 3 नए आयुर्वेदिक AIIMS जैसी नई बातें कही हैं। बजट भाषण में कोई सीधा चुनावी ऐलान भी नहीं हुआ। सीतारमण लोकसभा में तमिलनाडु की प्रसिद्ध कांजीवरम साड़ी पहनकर पहुंचीं जरूर, लेकिन इसी साल होने वाले पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी चुनाव पर सीधा असर डालने वाली घोषणाएं नहीं कीं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहले बजट में वित्त मंत्री ने जियो-पॉलिटिक्स और चुनौतियों की बात कही और देश का रक्षा बजट 6.81 लाख करोड़ से बढ़ाकर 7.85 लाख करोड़ कर दिया। यानी कुल डिफेंस बजट में 15.2% की बढ़ोतरी हुई है। डिफेंस बजट की खास बात यह है कि हथियार खरीदी और सेना के आधुनिकीकरण पर पिछले साल के 1.80 लाख करोड़ के मुकाबले इस बार 2.19 लाख करोड़ खर्च किए जाएंगे। यह पूंजीगत खर्च में सीधे 22% की बढ़ोतरी है। इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं। रिवाइज्ड रिटर्न फाइल करने के लिए 3 महीने का ज्यादा समय दिया। यानी अब 31 दिसंबर के बदले 31 मार्च तक रिवाइज्ड रिटर्न फाइल कर सकते हैं। न्यू इनकम टैक्स एक्ट 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा।

### 1. कैंसर की दवाइयां सस्ती: 17 लाइफ सेविंग ड्रग्स पर कस्टम ड्यूटी खत्म

सरकार ने कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 17 दवाओं पर बेसिक कस्टम ड्यूटी हटा दी है। इसके अलावा, 7 दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए बाहर से मंगवाई जाने वाली दवाओं और स्पेशल फूड पर भी अब कोई टैक्स नहीं लगेगा। इससे उन परिवारों को बड़ी आर्थिक मदद मिलेगी जो इलाज के लिए महंगी विदेशी दवाओं पर निर्भर हैं।

### 2. माइक्रोवेव ओवन सस्ते: पुर्जों पर ड्यूटी घटी, घरेलू मैन्युफैक्चरिंग बढ़ेगी

घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में कुछ अहम बदलाव किए हैं। अब माइक्रोवेव ओवन बनाने में इस्तेमाल होने वाले खास पार्ट्स पर कस्टम ड्यूटी कम कर दी गई है। इससे आने वाले दिनों में माइक्रोवेव की कीमतों में कमी आ सकती है। सरकार का लक्ष्य है कि भारत कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के मामले में दुनिया का हब बने।

### 3. एश बैटरी और सोलर पैनल सस्ते: इसे बनाने का कच्चा माल हुआ टैक्स फ्री

एनर्जी ट्रांजैक्शन को देखते हुए सरकार ने लिथियम-आयन बैटरी बनाने वाली मशीनों पर मिलने वाली टैक्स छूट का दायरा बढ़ा दिया है। अब बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम के लिए इस्तेमाल होने वाले सामान पर भी ड्यूटी नहीं लगेगी। वहीं, सोलर ग्लास बनाने में इस्तेमाल होने वाले 'सोडियम एंटीमोनेट' पर भी ड्यूटी हटा दी गई है, जिससे देश में सोलर पैनल बनाना सस्ता होगा।

### 5. विदेश घूमना सस्ता होगा: सरकार ने टैक्स घटाकर 2% किया

अब विदेश यात्रा के 'टूर पैकेज' बुक करना सस्ता हो जाएगा। पहले 10 लाख रुपए तक के खर्च पर 5% और उससे ज्यादा पर 20% टैक्स (TCS) लगता था। इसे अब घटाकर सीधा 2% कर दिया गया है। अब इसमें रकम की कोई लिमिट भी नहीं है।

### 6. एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस सस्ता: पुर्जों पर कस्टम ड्यूटी हटी

नागरिक उड्डयन को बढ़ावा देने के लिए एयरक्राफ्ट बनाने में इस्तेमाल होने वाले पुर्जों और कंपोनेंट्स पर कस्टम ड्यूटी हटा दी गई है। डिफेंस सेक्टर में भी एयरक्राफ्ट के मेंटेनेंस और रिपेयरिंग (MRO) के लिए मंगवाए जाने वाले कच्चे माल पर अब टैक्स नहीं देना होगा। इससे देश में हवाई जहाज बनाने और उनकी मरम्मत करने की लागत कम होगी।

### 7. विदेशी सामान मंगाना सस्ता: पर्सनल यूज की चीजों पर टैक्स घटा

विदेश से अपने निजी इस्तेमाल के लिए सामान मंगवाने मंगाना सस्ता हो जाएगा। सरकार ने ऐसे सामान पर लगने वाले टैक्स को 20% से घटाकर 10% कर दिया है।

### कुल कर्ज को जीडीपी के 50% तक लाने का टारगेट

सरकार ने लक्ष्य रखा है कि 2030-31 तक देश का कुल कर्ज, जीडीपी के 50% (1) के बराबर लाया जाए। 2025-26 में यह कर्ज 56.1% था, जो अब 2026-27 में घटकर 55.6% रहने का अनुमान है। यह कर्ज कम होगा तो सरकार को ब्याज कम देना पड़ेगा, जिससे वो पैसा स्कूल, अस्पताल और सड़कों पर खर्च हो सकेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि बजट 2026-27 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.3% रहने का अनुमान है।



सीतारमण ने कहा- आदरणीय स्पीकर सर, माघ पूर्णिमा और गुरु रविदास जयंती के पावन मौके पर मैं बजट पेश कर रही हूं हमने 12 साल पहले सरकार संभाली, तब से देश के आर्थिक हालात बेहतर हुए हैं। पीएम मोदी की अगुआई में हमारी सरकार ने लगातार काम किया है।

### 4. जूते, कपड़े सस्ते हो सकते हैं: एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए कच्चे माल पर छूट

एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए समुद्री उत्पाद, लेदर और टेक्सटाइल सेक्टर के लिए घोषणाएं हुई हैं..

सी-फूड एक्सपोर्ट के लिए ड्यूटी फ्री इम्पोर्ट की लिमिट 1% से बढ़ाकर 3% हो गई है।

लेदर और सिंथेटिक जूतों के साथ अब 'शू अपर्स' के एक्सपोर्ट पर टैक्स छूट मिलेगी।

■ **सस्ता क्यों होगा:** जब कंपनियों को सामान बनाने के लिए कच्चा माल सस्ता मिलेगा, तो प्रॉडक्शन की लागत घटेगी। अगर कंपनियां इसका फायदा ग्राहकों तक पहुंचाती हैं, तो लेदर के जूते, स्पोर्ट्स शूज और सी-फूड की कीमतें घट सकती है या कम से कम दाम स्थिर रहेंगे।




### टैक्स रिजीम में कोई बदलाव नहीं

पुरानी टैक्स रिजीम चुनने पर अभी भी आपकी 2.5 लाख रुपए तक की इनकम ही टैक्स फ्री रहेगी। हालांकि, इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 87A के तहत आप 5 लाख तक की इनकम पर टैक्स बचा सकते हैं।

वहीं न्यू टैक्स रिजीम चुनने पर पहले की तरह ही 4 लाख रुपए तक की इनकम पर टैक्स नहीं देना होगा। इसमें इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 87A के तहत सैलरीड पर्सन 12.75 लाख रुपए तक की इनकम पर और अन्य 12 लाख तक की इनकम पर टैक्स छूट पा सकते हैं।

**बदलाव क्यों नहीं हुआ:** टैक्स एक्सपर्ट आनंद जैन के अनुसार सरकार ने पिछले बजट में ही न्यू टैक्स रिजीम में टैक्स छूट को 7 लाख बढ़ाकर 12 लाख रुपए कर दिया था। ऐसे में इस साल बदलाव होने की संभावना न के बराबर ही थी।

### नारियल उत्पादन बढ़ाने के लिए संवर्धन योजना का प्रस्ताव

सीतारमण ने कहा- नारियल उत्पादन में कॉम्पिटिशन को और बढ़ाने के लिए मैं एक नारियल संवर्धन योजना का प्रस्ताव करती हूं ताकि अलग-अलग तरीकों से उत्पादन बढ़ाया जा सके और उत्पादकता बेहतर हो सके। इसमें नारियल उगाने वाले मुख्य राज्यों में बेकार पेड़ों की जगह नई किस्म के पौधे लगाना शामिल है।

### 12 लाख तक की कमाई पर जीरो टैक्स

| क्र. स. | टैक्स स्लैब | दर |
|---|---|---|
| 1 | 4 लाख तक | 0% |
| 2 | 4 से 8 लाख तक* | 5% |
| 3 | 8 से 12 लाख तक | 10% |
| 4 | 12 से 16 लाख तक | 15% |
| 5 | 16 से 20 लाख तक | 20% |
| 6 | 20 से 24 लाख तक | 25% |
| 7 | 24 लाख से ज्यादा | 30% |

### टैक्स को लेकर 6 बदलाव ये हैं...

1. **1 अप्रैल से नया इनकम टैक्स कानून:** केंद्र सरकार ने पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 को बदलकर नया इनकम टैक्स एक्ट 2025 लाया जाएगा। ये 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा। इसमें टैक्स रेट्स या स्लैब में कोई बदलाव नहीं है, इसके जरिए सिर्फ टैक्स रिटर्न फाइल करने करने की प्रोसेस आसान बनाई जाएगी।
2. **विदेश रुपए भेजने पर कम टैक्स:** पढ़ाई और इलाज के लिए विदेश पैसे भेजने पर अब कम टैक्स कलेक्शन एट सोर्स (TCS) लगेगा। सरकार ने इसे 5% से घटाकर 2% करने का फैसला किया है। विदेशी टूर पैकेज पर लगने वाले 5% और 20% के TCS रेट को घटाकर 2% किया गया है।
3. **TDS न कटवाने के लिए एप्लिकेशन की जरूरत नहीं:** टैक्स डिडक्शन एट सोर्स (TDS) नहीं कटवाने के लिए अलग से एप्लिकेशन देने की जरूरत नहीं होगी। नियमों अनुसार अब अगर आप पर इनकम टैक्स नहीं बनता है तो आपका TDS नहीं काटा जाएगा। अभी इसके लिए फॉर्म 15G (60 साल से कम वालों के लिए) या फॉर्म 15H (वरिष्ठ नागरिकों के लिए) जमा करना होता था।
4. **31 मार्च तक फाइल कर सकेंगे रिवाइज्ड रिटर्न :** इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) में सुधार करने की आखिरी तारीख बढ़ा दी गई है। अब मामूली फीस देकर 31 दिसंबर की जगह 31 मार्च तक रिवाइज्ड रिटर्न फाइल किया जा सकेगा।
5. **फ्यूचर-ऑप्शंस ट्रेडिंग करना महंगा:** सरकार ने फ्यूचर ट्रेडिंग पर लगने वाले सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स (STT) को 0.02% से बढ़ाकर 0.05% कर दिया है। ऑप्शंस पर भी STT को बढ़ाकर 0.15% किया गया है। इसे ट्रेडिंग करना महंगा हो जाएगा।
6. **सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड पर टैक्स लगेगा:** अब सेकेंडरी मार्केट से खरीदे गए सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (SGB) पर कैपिटल गेन टैक्स की छूट नहीं मिलेगी। इसका मतलब केवल उन्हीं निवेशको टैक्सफ्री होने का फायदा मिलेगा जिन्होंने RBI से बॉन्ड खरीदे और उसे पूरी अवधि तक रखा।

### पिछले साल कमाई ₹34 लाख करोड़, खर्च ₹49.6 लाख करोड़

सरकार की कुल कमाई 34 लाख करोड़ रही। इसमें से 26.7 लाख करोड़ टैक्स से आए। वहीं कुल खर्च 49.6 लाख करोड़ रहा। पूंजीगत खर्च यानी लगभग 11 लाख करोड़ नए ब्रिज, हाईवे और इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने में खर्च हुआ।



सपा नेता अखिलेश यादव ने कहा, यह बजट गरीबों और गांवों में रहने वालों की समझ से परे है। इस बजट में न तो नौकरी दी गई है और न ही रोजगार के अवसर। उन्होंने कहा कि ये बजट गरीब का पेट नहीं भर सकता है। नौकरी रोजगार दिए नहीं। सपने दिखाने वाला बजट है। यह बजट सिर्फ पांच प्रतिशत लोगों के लिए बनाया गया है।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, मैन्युफैक्चरिंग से लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर तक, स्वास्थ्य से पर्यटन तक, ग्रामीण क्षेत्रों से एआई तक, खेल से तीर्थ स्थलों तक विकसित भारत बजट ऐसा बजट है जो हर गांव, हर कस्बे और हर शहर के युवाओं, महिलाओं और किसानों के सपनों को सशक्त करता है और उन्हें साकार करने में सक्षम बनाता है।



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, 'यह एक प्रगतिशील बजट है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के हर सेक्टर पर फोकस करता है। यह हर नागरिक के लिए बजट है। खासकर टेलीकॉम और डीओएनईआर के क्षेत्रों को इस बजट में मजबूत बढ़ावा मिला है। यह भारत को सशक्त और शक्तिशाली बनाएगा।



पश्चिम बंगाल की CM ममता बनर्जी ने कहा, तीन कॉरिडोर के बारे में उन्होंने (वित्त मंत्री) जो कहा वह सरासर झूठ है। यह प्रोजेक्ट पहले से ही चल रहे हैं। पुरुलिया में जंगलमहल जंगल सुंदरी परियोजना के लिए, इस आर्थिक कॉरिडोर में 72,000 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।

### फास्ट न्यूज

#### पीएम मोदी ने संत निरंजन दास के पैर छुए

जालंधर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविदासिया समाज के जालंधर स्थित सबसे बड़े धार्मिक स्थल डेरा सचखंड बल्लां पहुंचे। यहां PM मोदी ने संत निरंजन दास के पैर छूकर श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा– मेरा रिश्ता संत रविदास जी की जन्मभूमि काशी से है। मैं पंजाब दी धरती नूं नमन करदा हां (मैं पंजाब की धरती को नमन करता हूं)।

#### कांग्रेस का दावा- अनिल अंबानी ने एपस्टीन से मदद मांगी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को लगातार दूसरे दिन एपस्टीन फाइल्स का मुद्दा उठाया। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने दो पोस्ट X पर शेयर की हैं। इनमें अनिल अंबानी और अमेरिका के यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के बीच 16 मार्च 2017 को हुई चैट का स्क्रीनशॉट शेयर किया है। उसकी मदद मांगते नजर आ रहे हैं। साथ ही ट्रम्प–मोदी की मुलाकात में भी एपस्टीन की हेल्प मांग रहे हैं।

#### कोलकाता के रेस्टोरेंट में मटन की जगह बीफ परोसा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक रेस्टोरेंट में मटन की जगह बीफ परोसने का मामला सामने आया है। बंगाली यूट्यूबर और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर सायक चक्रवर्ती ने आरोप लगाया कि उन्होंने मटन स्टेक ऑर्डर किया था।

## इंडिगो विमान को बम से उड़ाने की धमकी

### पेपर पर लिखा- कभी भी फट जाएगा, 237 यात्रियों की हैंड राइटिंग मैच कराई जाएगी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

वाराणसी। वाराणसी में इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। विमान के टॉयलेट में एक पेपर पर लिखा था- 'विमान में बम है, कभी भी फट सकता है'। सूचना मिलते ही एयरपोर्ट को हार्ट अलर्ट कर दिया गया। तुरंत रनवे और डिपार्चर एरिया खाली कराया गया। इसके बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। ATS, STF, इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) और अन्य सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंचीं। आपात स्थिति से निपटने के लिए 10 से अधिक एम्बुलेंस लगा दी गईं। यात्रियों को विमान से उतारा गया। 3 से 4 बार उनकी चेकिंग की गई। करीब 2 घंटे पूछताछ चली।



>> (शेष पेज 06 पर)

#### वाराणसी एटीएस को मिला थ्रेट कॉल





इंडिगो की फ्लाइट (6E-6719) हैदराबाद से रविवार शाम वाराणसी आ रही थी। विमान में कुल 237 यात्री सवार थे। फ्लाइट ने हैदराबाद में शाम 4 बजकर 30 मिनट पर टेकऑफ किया था। विमान वाराणसी हवाई क्षेत्र में था, तभी वॉशरूम में क्रू मेंबर को एक कागज मिला, जिस पर बम होने की बात पेंसिल से लिखी हुई थी। पेपर पर लिखा था- विमान में बम है और कभी भी फट सकता है। पायलट ने इसकी तत्काल सूचना वाराणसी एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) को दी।

## कांग्रेस को सिर्फ अवैध बांग्लादेशियों की चिंता :मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा

### हजार राहुल गांधी-गौरव गोगोई मेरी कुछ नहीं कर सकते

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि कांग्रेस को सिर्फ अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की चिंता है, न कि असम के मूल निवासियों के हितों की। उन्होंने गुवाहाटी में पत्रकारों से कहा कि हजार गौरव गोगोई और राहुल गांधी भी मेरा कुछ नहीं कर पाएंगे। अभी असम के लोगों के लिए स्थिति



बहुत नाजुक है, मिया मुसलमान विवाद पर उन्होंने कहा कि मिया मुसलमानों शब्द मैंने नहीं गढ़ा है।

>> (शेष पेज 06 पर)

#### एक्स पर लिखा- अवैध प्रवासी असम को भारत से अलग करना चाहते हैं

X पर किए पोस्ट में सरमा ने लिखा कि ये अदालत के अपने शब्द हैं। असम पर चुपचाप और धोखे से हो रहा जनसांख्यिकीय हमला निचले असम के भू–रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जिलों के नुकसान का कारण बन सकता है।

## बजट के बाद सेंसेक्स 1546 अंक गिरकर 80,722 पर बंद

### निफ्टी भी 495 अंक टूटा, वजह- एफ&ओ पर टैक्स बढ़ाया

#### गिरावट

**तमसा संकेत, एजेंसी**

नई दिल्ली। बजट के बाद आज यानी 1 फरवरी (रविवार) को शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ। सेंसेक्स 1546 अंक यानी करीब 2% गिरकर 80,722 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 495 अंक टूटा, ये 24,825 के स्तर पर बंद हुआ। सरकार ने फ्यूचर्स ट्रेडिंग पर लगने वाले सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स (STT) को 0.02% से बढ़ाकर 0.05% किया। ऑप्शंस प्रीमियम और एक्सरसाइज पर भी STT को बढ़ाकर 0.15% किया है। इस वजह से ही बाजार में यह गिरावट आई। बीते सात साल में बजट के दिन की यह सबसे बड़ी गिरावट है। इससे



पहले 2020-21 बजट के दिन सेंसेक्स 987 अंक और निफ्टी 300 अंक गिरकर बंद हुआ था। तेज बिकवाली के बीच BSE में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन लगभग 11 लाख करोड़ रुपए कम हो गया। आज सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में गिरावट और सिर्फ 3 में तेजी रही। BEL, SBI और अडाणी पोर्ट्स के शेयर में 6% तक की गिरावट रही। सरकारी बैंक सेक्टर में सबसे ज्यादा 6% तक की गिरावट देखने को मिली।

## राहुल ने कहा- युवाओं को कुछ नहीं मिला, ममता बनर्जी ने बिखरा हुआ बजट बताया

# ये युवा शक्ति का बजट : मोदी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

नई दिल्ली। पीएम मोदी ने आम बजट को युवाओं को बजट बताया है। कहा कि देश में रिफॉर्म एक्सप्रेस चल पड़ी है। ये स्किल, स्केल और सस्टेनेबिलिटी को मजबूत करने का प्रयास है। सबसे बड़ी पूंजी नागरिक, इसी में निवेश किया। उधर विपक्ष ने बजट को निराशाजनक बताया। राहुल गांधी ने कहा, युवाओं के लिए रोजगार वाला बजट नहीं है। मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर गिर रहा है। निवेशक पूंजी निकाल रहे हैं। घरेलू बचत में भारी गिरावट आ रही है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि यह बेहद ही बिखरा बजट है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार ने आम जनता को कुछ नहीं दिया।



### बजट पर किसने क्या कहा...

- **कर्नाटक डिप्टी सीएम शिवकुमार:** केंद्रीय बजट से कर्नाटक को कोई लाभ नहीं मिला। केंद्र सरकार ने एक कार्यक्रम का नाम Mahatma Gandhi के नाम पर रख दिया है, जबकि पहले गांधी जी के नाम से जुड़े रोजगार कानून को समाप्त कर दिया गया। VB-G RAM G जिसे केंद्र और राज्यों के बीच 60:40 के फंड शेयरिंग फार्मूले पर लागू किया गया है, कर्नाटक में लागू नहीं किया जा सकता।
- **RJD सांसद मीसा भारती:** केंद्रीय बजट मेरी समझ से बाहर है, और इसे समझने में जनता को समय लगेगा। बिहार में NDA की सरकार प्रचंड जीत से आई है। हालांकि वो जनता नहीं तंत्र से आई है। बजट में कम से कम बिहार का ख्याल तो रखना चाहिए था।
- **कांग्रेस सांसद उज्ज्वल रमन सिंह:** सरकार घोषणाएं तो करती है, लेकिन बाद में उनका कोई अता-पता नहीं होता। यह एक दिशाहीन, किसान विरोधी बजट है, जिससे युवाओं को कोई फायदा नहीं होगा। देश के कल्याण के लिए कोई रोडमैप नहीं है, 2047 तक देश को कैसे विकसित किया जाए, इसकी कोई योजना नहीं है।
- **SP सांसद जियाउर रहमान बर्क:** आम लोगों को केंद्रीय बजट से बहुत उम्मीदें थीं, लेकिन यह बहुत निराशाजनक रहा है। बजट में ऐसा कुछ भी नहीं है जो उन उम्मीदों को पूरा करे। जैसा कि अखिलेश यादव ने कहा है, ऐसा लगता है कि अब लोगों को सोने की परत चढ़े पीतल का

### मोदी के स्पीच की 6 बड़ी बातें

- तेज विकास का लक्ष्य - भारत को जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना लक्ष्य।
- भविष्य के सेक्टर पर फोकस - रेयर अर्थ, क्रिटिकल मिनरल, टेक्सटाइल और हाईटेक मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा।
- इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत - हाई-स्पीड रेल, टियर-2 और टियर-3 शहरों के विकास पर जोर।
- युवा शक्ति बजट - पर्यटन, खेलो इंडिया, ऑरेंज इकोनॉमी और डेटा सेंटर हब को बढ़ावा।
- रोजगार और महिला सशक्तिकरण - सेल्फ हेल्प ग्रुप, गर्ल्स हॉस्टल और महिलाओं की आय बढ़ाने पर ध्यान।
- किसान और डेयरी को समर्थन - नारियल, काजू, कोको किसान और भारत विस्तार ऐप को बढ़ावा।

# संत रविदास अपने भक्तों का कल्याण करें : योगी

## लखनऊ में सीएम बोले- हमें विभाजनकारी को सिर नहीं उठाने देना, एकजुट रहो

- सीएम योगी के साथ मठ में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और बीजेपी के नेता पहुंचे हुए थे।
- सीएम योगी भाजपा नेताओं के साथ रविदास मठ में पहुंचे हुए थे। पहले उन्होंने संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



संत रविदास बनारस में रहते थे। वह निर्गुण भक्ति शाखा के संतों में श्रेष्ठ स्थान रखते हैं।

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। लखनऊ के संत रविदास मठ में सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविदास जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। यहां आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा- संत रविदास अपने भक्तों और मानने वालों का कल्याण करें। संतों ने इस देश के लिए काम किया। संतों से यही संदेश मिला कि हमें विभाजनकारी ताकतों को सिर नहीं उठाने देना है। संत रविदास ने भी एकजुट रहने का संदेश दिया। 1 फरवरी को माघी पूर्णिमा के अवसर पर देशभर में संत रविदास की 649वीं जयंती मनाई गई। लखनऊ के बाराबिरवा में कानपुर रोड स्थित संत रविदास मठ में सीएम योगी ने संत रविदास को वर्तमान समय का भी बड़ा लीडर बताया। सीएम ने कहा कि संत रविदास को जब लोगों ने कहा कि चलिए गंगा स्नान करने, तो उन्होंने अपने काम को महत्व दिया। कहा- मन चंगा तो कठौती में गंगा। जो लोग आरोप लगाते हैं कि समाज में भेदभाव था। आप याद करिए, जगद्गुरु रामानंदाचार्य ने मध्य काल में 12 शिष्य बना।

### 2017 से पहले संत की जन्मभूमि तक जाने का रास्ता नहीं था



2017 से पहले संत रविदास की जन्मभूमि क्षीर गोवर्धन में जाने का मार्ग नहीं था। लंगर का हॉल नहीं था। आज फोरलेन की सड़क से उनकी जन्मभूमि को जोड़ा गया है। वहां संत रविदास जी की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई। आज एक धाम बन गया है। हम सबके मन में महापुरुषों के प्रति यही आदर का होना चाहिए। विभाजनकारी ताकतें बाटेंगी। हमें गुलामी के कालखंड को याद करते हुए उन्हें सिर उठाने का अवसर नहीं देता है। एकजुट होकर समाज की संरचना को मजबूत करना होगा। यही सद्गुरु रविदास जी महाराज जी प्रेरणा थी।

### समाज को जोड़ने का कार्य संतों ने किया

समाज को जोड़ने का जितना बड़ा कार्य संतों ने किया, वह अद्भुत था। उसी नींव पर वर्तमान भारत का निर्माण हुआ है। 600 साल पहले क्या स्थितियां रही होंगे। उस समय भी रविदास महाराज जी प्रेरणा दे रहे हैं। उनकी प्रेरणा थी कि ऐसा राज्य होना चाहिए, जहां सबको अन्न मिले। हर व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जिने के अवसर मिल सके। उन्होंने 600 साल पहले ये उपदेश दिए। एक संत की वाणी कभी व्यर्थ नहीं होती है। हो सकता है कि मुगलों और ब्रिटिश सरकार ने भुला दिया हो, आजादी के बाद की सरकारों ने भुला दिया हो। लेकिन, जब भाजपा सरकार बनी तो हर गरीब का अकाउंट खुलवाया। हर घर में शौचालय बनवाया। रसोईघर के कनेक्शन दिए। पिछले 6 वर्ष से हर जरूरतमंद पर राशन दिया जा रहा है। यह सद्गुरु रविदास जी ही प्रेरणा है।

### रविदासजी की तुमड़ी मां गंगा ने ले ली

संत रविदास से जुड़ी एक कहानी सुनाई। एक बार संत रविदास जी के साथ गंगा स्नान करने जा रहे थे। उन्होंने रविदास जी से चलने को कहा, लेकिन उन्होंने कहा कि मुझे कुछ काम है। मेरी ओर से मां गंगा को तुमड़ी दे देना। दूसरे संतों ने स्नान और पूजा अर्चना की, लेकिन कुछ नहीं किया। फिर उन्हें याद आया कि रविदास जी ने भी कुछ दिया है, तो उन्होंने तुमड़ी निकालकर चढ़ाई तो मां गंगा ने हाथ फैलाकर तुमड़ी ले ली। यह देखकर संत चकित हो गए। इस तरह से संत रविदास ने कर्म को प्रधानता दी। उन्होंने कहा- मन चंगा तो कठौती में गंगा। कठिन साधना से तपा हुआ शरीर संकट के समय में चुनौती का सामना करता है।

# कोहरे के बीच ट्रक से टकराया दूसरा ट्रक

## आगे वाले ने अचानक लगा दिया था ब्रेक, तब हुई दुर्घटना

- कानपुर रोड पर कोहरे के बीच ट्रक खड़ा था। कोहरे की वजह से ट्रक नहीं दिखा।
- केबिन में फंसे ड्राइव को फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद निकाला।



**तमसा संकेत, एजेंसी**

सरोजनी नगर, लखनऊ। लखनऊ के सरोजनी नगर में रविवार तड़के कोहरे के कारण एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। कानपुर की ओर जा रहा एक तेज रफ्तार ट्रक आगे-आगे चल रहे ट्रक में टक्कर मार दी। आगे चल रहे ट्रक वाले ने अचानक ब्रेक लगा दिया था जिससे पीछे वाला जा टकराया। इस दुर्घटना में ट्रक चालक दीपक गंभीर रूप से घायल होकर अपने वाहन के केबिन में फंस गया। यह घटना सुबह करीब 3:45 बजे सरोजनी नगर के दरोगा खेड़ा स्थित कानपुर रोड पर हुई। इटावा जिले के ऊसराहार निवासी 28 वर्षीय ट्रक चालक दीपक अपने क्लीनर विकास (कन्नौज निवासी) के साथ ट्रक चला रहा था। घने कोहरे के कारण आगे-आगे चल रहा ट्रक दूसरे रास्ते पर चला जा रहा था। जब ड्राइवर को पता चला तो उसने ब्रेक लगा दिया जिससे यह दुर्घटना हो गई। हादसे के बाद क्लीनर विकास तो सुरक्षित बच गया, लेकिन चालक दीपक ट्रक के केबिन में बुरी तरह फंस गया।

**फास्ट न्यूज**

### पोते के चाकू से बुजुर्ग की मौत

लखनऊ। लखनऊ के सैरपुर थाना क्षेत्र में पोते के चाकू से घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान 31 जनवरी को मौत हो गई। घटना लोधमऊ गांव की है। 80 वर्षीय गजराज के घर में जमीन को लेकर विवाद हुआ। उसी में आक्रोशित होकर उनके पोते रोहित उर्फ आकाश ने उन्हें चाकू मार दिया। यह घटना 28 जनवरी को शाम करीब 4 बजे हुई। गजराज पर हमला हुआ जिसमें चाकू उनकी गर्दन पर लगा और वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

### एलडीए की जमीन पर हुई फर्जी रजिस्ट्री

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण (LDA) की जमीन की जालसाजों ने फर्जी दस्तावेज के जरिए रजिस्ट्री करवा ली। जलसा जून ने टेस्टिंग में अफसर के फर्जी साइन भी किया। इस मामले को लेकर LDA उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर OSD अभिनंदन सिंह ने गोमती नगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। LDA के विशेष कार्याधिकारी रविनंदन सिंह ने बताया कि कानपुर रोड योजना के सेक्टर-डी स्थित भूखंड संख्या डी-8 भूखंड किसी भी व्यक्ति के नाम आवंटित या पंजीकृत नहीं है।

### लखनऊ में हेरोइन तस्कर पकड़ा गया

लखनऊ। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) यूनिट लखनऊ ने अवैध मादक पदार्थों के साथ एक सक्रिय तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 505 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है, इसके साथ ही एक मोबाइल फोन और नकद रुपए भी जब्त किए गए हैं। एएनटीएफ यूनिट लखनऊ ने 31 जनवरी 2026 को पीजीआई थाना क्षेत्र अंतर्गत तेलीबाग स्थित वृंदावन कॉलोनी के रथिन्द्रनगर इलाके से आरोपी को गिरफ्तार किया।

## हाथ-पैर बांधकर पीटा, पिस्टल तानकर ₹60 हजार-मोबाइल लूटा, आलू के खेत में फेंका

# थार से युवक का अपहरण

- युवक खेत किनारे जमीन पर बैठा है। वह काफी परेशान है। थार सवार लुटेरे उसका फोन भी ले गए हैं।
- पीड़ित हृदय नारायण ने बताया- वह करीब 20 साल से लखनऊ में गाड़ी चला रहे हैं।
- एक सीसीटीवी फुटेज सामने आई है। बताया जा रहा है कि इसी थार में युवक को लूटकर खेत में फेंका गया। इसके बाद थार सवार लोग भाग गए।

**तमसा संकेत, एजेंसी**



बख्शी का तालाब। लखनऊ में एक युवक को थार सवार लोगों ने अपहरण कर लिया। उसे लिफ्ट देने के बहाने गाड़ी में बैठा लिया। उसके बाद अंदर ही उसके हाथ-पैर बांधकर जमकर पीटा। उसकी जेब से 60 हजार रुपए और फोन लूट लिया। इसके बाद आलू के एक खेत में उसे बंधा हुआ फेंककर भाग गए। घटना सैरपुर इलाके की है। युवक खेत में बैठा रोते हुए लोगों को बुला रहा था। लोगों ने जैसे ही देखा तो तुरंत उसके पास पहुंचे। उसके हाथ-पैर खोले। इसके बाद सारी बात पूछी। युवक ने बताया कि वह कानपुर के घाटमपुर का रहने वाला है। यहां LPG गैस की गाड़ी चलाता है। पीड़ित हृदय नारायण कानपुर के घाटमपुर निवासी हैं और गैस का ट्रक चलाते हैं। शनिवार रात वह आमौसी स्थित एलपीजी प्लांट से ट्रक लेकर कानपुर वापस जा रहे थे। रात करीब 9 बजे अमौसी में हाइडिल के पास वह गाड़ी का इंतजार कर रहे थे, तभी एक थार उनके पास आकर रुकी। थार में बैठे चार युवकों ने हृदय नारायण से कानपुर जाने के बारे में पूछा। लिफ्ट देने के बहाने उसे गाड़ी में बैठा लिया, लेकिन कुछ दूर चलने के बाद गाड़ी को रिंग रोड की तरफ मोड़ दिया। इसके बाद एक युवक ने पिस्तौल निकालकर उन पर तान दी और मारपीट शुरू कर दी।



### आंखों पर पट्टी बांधकर गाड़ी के अंदर पीटा

बदमाशों ने हृदय नारायण की आंखों पर पट्टी बांधी और हाथ-पैर बांध दिए। पूरे रास्ते वे उसे पीटते रहे और उसकी जेब में रखे 60 हजार रुपए छीन लिए। बाद में उसे सैरपुर इलाके में सड़क किनारे एक आलू के खेत में फेंककर फरार हो गए। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

# लखनऊ के ऊपर आधे घंटे तक चक्कर लगाकर लौटा विमान

## 200 यात्रियों को दम्माम से लेकर आया था, दिल्ली में हो पाई लैंडिंग

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। कोहरे और खराब मौसम के कारण रविवार तड़के लखनऊ में अंतरराष्ट्रीय विमानों का संचालन प्रभावित हुआ। दम्माम से लखनऊ आ रही फ्लाइनेस के विमान को दिल्ली डायवर्ट करना पड़ा। इसमें 200 यात्री सवार थे। करीब आधे घंटे तक लखनऊ के ऊपर चक्कर लगाए लेकिन लैंडिंग नहीं हो पाई। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, कम दृश्यता के कारण एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) ने लैंडिंग की अनुमति नहीं दी। बाद में उसे एटीसी के निर्देश पर उसे दिल्ली एयरपोर्ट भेज दिया गया। यह विमान फ्लाइनेस का XY-896 था। इसके यात्रियों को लखनऊ के बजाय दिल्ली जाना पड़ा। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि मौसम में सुधार होने के



बाद यह विमान दिल्ली से सुबह 9:00 बजे लखनऊ वापस पहुंचा। खराब मौसम का असर अन्य उड़ानों पर भी पड़ा। दिल्ली से सुबह 6:15 बजे लखनऊ पहुंचने वाली एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान IX-2171 लगभग दो घंटे की देरी से पहुंची। इसी तरह, लखनऊ से दम्माम जाने वाली फ्लाइनेस की उड़ान XY-897 अपने निर्धारित समय सुबह 6:15 बजे के बजाय सुबह 10 बजे रवाना हुई। इसके अतिरिक्त, लखनऊ से सुबह 7:25 बजे रियाद के लिए निर्धारित एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान IX-189 भी विलंबित हुई और सुबह 9:40 बजे उड़ान भर सकी। लगातार खराब मौसम के कारण विमान सेवाओं पर असर पड़ रहा है, जिससे यात्रियों को परेशानी हो रही है। शारजाह से काठमांडू जा रहे विमान लखनऊ में सुबह 7:30 बजे उतारा गया। काठमांडू में सुबह मौसम खराब था इसलिए काठमांडू पहुंचने के बाद लखनऊ डायवर्ट किया गया था। इस विमान का काठमांडू पहुंचने का निर्धारित समय सुबह 7:00 बजे है। अरेबिया की फ्लाइट G9-536 शारजाह से काठमांडू के लिए उड़ान भरी थी। काठमांडू में मौसम खराब होने की वजह से विमान को लैंडिंग की परमिशन नहीं मिली। पायलट ने लखनऊ एटीसी से संपर्क कर लैंडिंग की परमिशन मांगी थी।

## संत रविदास जी के विचार आज भी समाज को दिशा देते हैं: केशव प्रसाद मौर्य



**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज अपने कैम्प कार्यालय, सात -कालिदास मार्ग पर सामाजिक एकता और समरसता का संदेश देने वाले, सामाजिक परिवर्तन के महानायक, परमज्ञानी संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की जयंती के अवसर पर उनके स्मृति-चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सन्त रविदास के समता, करुणा और मानवता के उपदेश आज भी समाज को समानता और नैतिक उत्थान की दिशा में मार्गदर्शन करते हैं। श्री केशव प्रसाद मौर्य ने संत शिरोमणि सतगुरु श्री रविदास जी महाराज की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि उनके विचार कालातीत, सार्वभौमिक और समाज को दिशा देने वाले हैं।

## पहले दिन 30किमी चलेंगे, वृंदावन मैदान में 10 फरवरी को करेंगे महापंचायत

# भारतीय किसान यूनियन की पदयात्रा शुरू

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मोहनलालगंज। भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) की 'किसान क्रांति पदयात्रा' रविवार सुबह करीब 11 बजे गोसाईगंज ब्लॉक से शुरू हुई। प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा की अगुवाई में यह यात्रा अमेठी, गंगागंज, बहरौली, हरदोइया बाजार होते हुए नगराम पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम किया जाएगा। पहले दिन किसान लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करेंगे। यह पदयात्रा 10 फरवरी को पीजीआई इलाके की वृंदावन योजना मैदान में आयोजित विशाल किसान महापंचायत के बाद समाप्त होगी। यात्रा का उद्देश्य किसानों के हक और सम्मान की लड़ाई लड़ना है। सुबह से ही गोसाईगंज ब्लॉक क्षेत्र में हजारों किसानों का जमावड़ा शुरू हो गया था। हाथों में झंडे, बैनर और तख्तियां लिए किसानों ने 'जय



जवान-जय किसान' और 'किसान एकता जिंदाबाद' के नारे लगाए। यात्रा के मार्ग में ग्रामीणों, सामाजिक संगठनों और किसान समर्थकों ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। पदयात्रा में प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा, मंडल महासचिव जगदीश द्विवेदी, मंडल मीडिया प्रभारी मुकेश द्विवेदी, लखनऊ जिलाध्यक्ष अनुरेन्द्र कुमार अन्नू, प्रदेश प्रवक्ता अनिल वर्मा, मंडल अध्यक्ष मोनिष खान, पंकज बाजपेई समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और हजारों किसान शामिल रहे। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर ऋषि मिश्रा ने निजी अस्पतालों की मनमानी पर प्रभावी नियंत्रण और आम मरीजों को सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का वास्तविक लाभ सुनिश्चित करने की बात कही।

- किसानों ने अपनी पदयात्रा शुरू कर दी है। गोसाईगंज से वृंदावन योजना 10 फरवरी को पहुंचेंगे।
- पदयात्रा में ज्यादा से ज्यादा किसानों को इकट्ठा किया जा रहा है।

### किसानों के सभी बिल माफ किए जाएं

प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा ने कहा कि यह यात्रा किसानों के हक और सम्मान की लड़ाई है। उन्होंने किसान आयोग के तत्काल गठन, किसानों के समस्त कर्ज माफ करने और उन्हें पूरी तरह मुफ्त बिजली देने की मांग की। मिश्रा ने वर्षों से गांवों में रह रहे गरीब और बेसहारा परिवारों को उजाड़ने की कार्रवाई बंद करने की भी मांग की। उन्होंने शिक्षा के बढ़ते व्यवसायीकरण पर रोक लगाने, निजी स्कूलों द्वारा धन उगाही बंद करने और सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर जोर दिया।



### किसान क्रांति पदयात्रा का पूरा रूट

भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) की किसान क्रांति पदयात्रा एक फरवरी से शुरू हुई, जिसका समापन दस फरवरी को पीजीआई इलाके की वृंदावन योजना मैदान में आयोजित विशाल किसान महापंचायत के साथ किया जाएगा। पदयात्रा गोसाईगंज, नगराम, निगोहां, मोहनलालगंज, पीजीआई, बिजनौर, सरोजनी नगर, बंथरा, काकोरी, मलिहाबाद, होते हुए शहीद पथ के मार्ग से वृंदावन मैदान पहुंचेगी, जहां किसान महापंचायत आयोजित होगी।

## मौत : सुसाइड नोट में लिखा- मैं चोर नहीं हूं, चोरी का दाग लेकर जिंदा नहीं रह सकता

# रेस्टोरेंट कर्मी ने की आत्महत्या

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। मड़ियांव थाना क्षेत्र के गुड बेकर्स रेस्टोरेंट में शनिवार सुबह एक दुखद घटना सामने आई, जब रेस्टोरेंट कर्मचारी अंशु कश्यप (आयु 24-25 वर्ष) ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक का शव रेस्टोरेंट के हॉल में पंखे से लटका मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, अंशु ने सुबह काम के दौरान किसी को कुछ बताए बिना पहली मंजिल पर बने हॉल में प्रवेश किया। वहां कुछ समय बैठने के बाद उसने कुर्सी पर चढ़कर छत के पंखे से फंदा बांध लिया। पुलिस ने कहा कि शुरुआती जांच में स्पष्ट हुआ है कि घटना आत्महत्या की है। यह घटना समाज और कार्यस्थलों के लिए चेतावनी है कि कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। छोटे-छोटे विवादों को भी गंभीरता से लेना और समय पर समाधान करना समाज में आत्महत्या जैसी घटनाओं को रोकने में मदद कर सकता है।



> पुलिस ने बताया कि अंशु का कुछ दिन पहले ₹500 के हिसाब को लेकर स्टाफ से विवाद हुआ था। इस विवाद के बाद उसे फटकार भी लगी थी। सुसाइड नोट में उसने लिखा कि इसी कारण मानसिक पीड़ा के चलते उसने यह कदम उठाया। मड़ियांव थाना पुलिस ने घटनास्थल से सुसाइड नोट बरामद कर जांच शुरू कर दी है।

### सुसाइड नोट में खुला कारण

मौके से एक पेज का सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें अंशु ने लिखा कि वह ईमानदार कर्मचारी था। 500 के विवाद के कारण उसे झूठ बोलने के लिए मजबूर किया गया। सुसाइड नोट में अंशु ने स्पष्ट किया कि मालिक की नजरों में वह बेईमान साबित हो गया था और इस अपमान को लेकर वह जिंदा नहीं रह सकता। नोट में उसने अपनी मां का ध्यान रखने की अपील भी की और किसी के प्रति ज्यादा लॉयल न बनने की सलाह दी।

### सामाजिक और मानसिक स्वास्थ्य पर चिंता

विशेषज्ञों के अनुसार, छोटे विवाद और अपमान के कारण युवा मानसिक रूप से असहाय महसूस कर सकते हैं। अंशु के मामले में भी 500 के मामूली विवाद और काम की जगह की फटकार ने उसे इतने मानसिक तनाव में डाल दिया कि उसने अपने जीवन का अंत कर लिया। यह घटना समाज और कार्यस्थलों के लिए चेतावनी है कि कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। छोटे-छोटे विवादों को भी गंभीरता से लेना और समय पर समाधान करना समाज में आत्महत्या जैसी घटनाओं को रोकने में मदद कर सकता है।

# विकसित भारत का रोड मैप है केन्द्रीय बजट : केशव प्रसाद मौर्य

## चतुर्दिक समृद्धि एवं सशक्त विकास का मार्ग प्रशस्त करने वाला है बजट

**तमसा संकेत,संवाददाता**

सर्वांगीण विकास को समर्पित बजट के लिए उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने मा० प्रधानमंत्री व मा०वित्त मंत्री के प्रति व्यक्त किया आभार। लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि मा० प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज मा० वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 गाँव-गरीब के विकास, महिला सशक्तिकरण, टूरिज्म सेक्टर को प्रोत्साहन और किसानों की आय में वृद्धि को चरितार्थ करने वाला बजट है। यह गरीबों, महिलाओं, उत्तम स्वास्थ्य, कृषि विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को समर्पित बजट है। सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी और आत्मविश्वास से परिपूर्ण इस बजट के लिए उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने मा० प्रधानमंत्री जी एवं मा० वित्त मंत्री जी का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। प्रस्तुत बजट मोदी की गारंटी वाला बजट है।विकसित भारत का रोड मैप है।गरीब कल्याण तथा समग्र विकास पर केंद्रित बजट है ,सर्व समावेशी बजट है। इसमे महिलाओं नौजवानों, बुजुर्गों, किसानों और सर्व समाज के हितों को सर्वोपरि रखा गया है ।समग्र विकास और आत्मनिर्भरता की नीव रखने वाला यह बजट है। कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी के कुशल मार्गदर्शन तथा माननीय केंद्रीय वित्तमंत्री श्रीमती @nsitharaman जी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 युवा और महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन तथा शिक्षा-स्वास्थ्य के सुदृढ़ीकरण पर केंद्रित है। यह बजट ठोस नीतियों और परिणामोन्मुख दृष्टि के साथ विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को मजबूती से आगे बढ़ाता है।आज का बजट ऐतिहासिक है। इसमें देश की नारी शक्ति का सशक्त प्रतिबिंब झलकता है मैन्युफैक्चरिंग से इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य से पर्यटन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था से एआई, खेल से तीर्थ- हर क्षेत्र में व्यापक अवसर खोलता यह #ViksitBharatBudget भारत को उभरते आर्थिक शक्ति-केंद्र के रूप में नई पहचान देता है। पारंपरिक क्षेत्रों से लेकर नवोन्मेषी उद्योगों तक, यह बजट निवेश, उद्यमिता और उत्पादकता को नई गति देता है।

# केंद्रीय बजट 2026-27: अंबेडकर नगर में विकास को लेकर सकारात्मक माहौल

**चर्चा**

## विकसित भारत के रोडमैप में जिले की उम्मीदें मजबूत

तमसा संकेत, संवाददाता

केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा संसद में पेश किए गए वित्त वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर अंबेडकर नगर जिले में चर्चा तेज है। करीब 53.5 लाख करोड़ रुपये के इस बजट में युवाओं, महिलाओं, मध्यम वर्ग, व्यापार और बुनियादी ढांचे पर फोकस साफ दिखा। जिले के कारोबारियों, छात्रों और आम करदाताओं ने इसे भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया बजट बताया है। राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.3 प्रतिशत तक सीमित रखने के लक्ष्य के साथ विकास और अनुशासन का संतुलन भी रखा गया है। आम करदाताओं के लिए टैक्स फाइलिंग प्रक्रिया को



सरल किया गया है। रिवाइज्ड रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा 31 मार्च तक बढ़ाए जाने से करदाताओं को अतिरिक्त समय मिलेगा। विदेश यात्रा पैकेज पर टीसीएस घटाकर 2 प्रतिशत किए जाने से यात्रा और पढ़ाई दोनों अधिक किफायती होंगी। आयकर अधिनियम 2025 को 1 अप्रैल 2026 से लागू करने की घोषणा से टैक्स व्यवस्था में स्पष्टता आने की उम्मीद है।

### स्वास्थ्य और शिक्षा को राहत, आमजन को सीधा लाभ

बजट में स्वास्थ्य सेवाओं को किफायती बनाने की दिशा में बड़े फैसले लिए गए हैं। कैंसर की 17 जीवन रक्षक दवाओं को बेसिक कस्टम ड्यूटी से पूरी तरह छूट मिलने से जिले के मरीजों को राहत मिलने की उम्मीद है। साथ ही, जिला महिला अस्पताल समेत स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की घोषणाओं से महिलाओं को बेहतर सुविधाएं मिलने का रास्ता साफ हुआ है। शिक्षा और चिकित्सा के लिए विदेश भेजी जाने वाली राशि पर टीसीएस घटाकर 2 प्रतिशत किए जाने से मध्यम वर्ग को सीधा फायदा होगा।

**बजट में एमएसएमई सेक्टर के लिए फंड और इंफ्रास्ट्रक्चर पर बढ़े खर्च से छोटे व्यापारियों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे स्थानीय बाजार में मांग बढ़ेगी और कारोबार को स्थिरता मिलेगी। हाई-स्पीड रेल और कनेक्टिविटी से जुड़े प्रस्ताव पर्यटन और होटल उद्योग के लिए सकारात्मक हैं। इससे यात्रियों की संख्या बढ़ेगी और सेवा क्षेत्र में नए अवसर बनेंगे।**



### उद्योग, एमएसएमई और इनोवेशन को समर्थन

एमएसएमई सेक्टर के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का एसएमई ग्रोथ फंड और TReDS के जरिए आसान क्रेडिट व्यवस्था जिले के छोटे कारोबारियों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बायो-फार्मा शक्ति योजना और इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 से रोजगार के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद है।

# सरकारी कार्य में बाधा और धमकी का आरोप, प्रधान ने थाने में दी तहरीर

## महिला समूह गठन के दौरान हुआ विवाद

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर जिले के बसखारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बेला परसा में सरकारी कार्य के दौरान बाधा डालने का मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान राजाराम ने बसखारी थाने में लिखित तहरीर देकर एक ग्रामीण पर सरकारी काम में रुकावट, अभद्रता और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। प्रधान की ओर से दी गई तहरीर के अनुसार ग्राम पंचायत में महिला समूह गठन के उद्देश्य से ग्रामीण महिलाओं से आधार कार्ड की फोटो कॉपी एकत्र की जा रही थी। इसी दौरान गांव का ही रवि राज मौके पर पहुंचा और कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने लगा। आरोप है कि उसने एकत्र की गई आधार कार्ड की फोटो कॉपी फाड़ दी और गाली-गलौज करने लगा। तहरीर में यह भी कहा गया है कि आरोपी ने प्रधान को जान से मारने की धमकी दी, जिससे मौके पर मौजूद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। घटना के बाद कुछ समय के लिए सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न हो गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। ग्राम प्रधान राजाराम ने मामले को गंभीर बताते हुए दोषी व्यक्ति के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**फास्ट न्यूज**

### अकबरपुर ब्लॉक में सहायक खंड विकास अधिकारी सेवानिवृत्त

अंबेडकर नगर जनपद के खंड विकास अकबरपुर में सहायक खंड विकास अधिकारी पद पर तैनात रहे अधिकारी ने 28 वर्षों की लंबी सरकारी सेवा पूरी कर सेवानिवृत्ति प्राप्त की। पूरे सेवाकाल के दौरान उनके विरुद्ध किसी भी प्रकार का आरोप या शिकायत दर्ज नहीं हुई, जो प्रशासनिक सेवा में एक उल्लेखनीय उदाहरण माना जा रहा है।

### मुबारकपुर विद्युत उपकेंद्र से आज छह घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

अंबेडकर नगर। अंबेडकर नगर जिले के मुबारकपुर विद्युत उपकेंद्र से जुड़े सभी क्षेत्रों में सोमवार को विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी। अवर अभियंता संजय कुमार यादव ने बताया कि तकनीकी कार्य के चलते सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रखी जाएगी। विद्युत उपकेंद्र मुबारकपुर पर एक इनकमिंग पैनल को बदलकर नया पैनल लगाया जाएगा। इसके साथ ही एक नया आउटगोइंग पैनल स्थापित किया जाएगा। इस दौरान सुरक्षा कारणों से उपकेंद्र से होने वाली समस्त आपूर्ति रोक दी जाएगी।

### संत रविदास जयंती पर नगर में निकली शोभायात्रा

जलालपुर। संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर डॉ. अंबेडकर कल्याण समिति ने नगर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा वाजिदपुर अंबेडकर पार्क से निकलकर जमालपुर चौराहा, शिवाजी तिराहा होते हुए कबीर मठ पहुंची। यहां रविदास भक्तों और श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरण में हिस्सा लिया। इसके बाद शोभायात्रा डाकखाना, सराय चौक, छाछू मोहल्ला और उर्दू बाजार से होते हुए आगे बढ़ी।

# कांग्रेस ने केंद्रीय बजट 2026 पर साधा निशाना

## बेरोजगारों और किसानों की अनदेखी का आरोप

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकर नगर में कांग्रेस नेताओं ने केंद्रीय बजट 2026 को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उप्र कांग्रेस सोशल मीडिया महासचिव संजय तिवारी ने बजट को घोर निराशाजनक बताते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों से मोदी सरकार एक ही तरह का घिसा-पिटा बजट पेश कर रही है, जिसमें आम जनता को कोई ठोस राहत नहीं मिलती। उन्होंने आरोप लगाया कि इस बजट में बेरोजगारों, युवाओं, किसानों और छोटे दुकानदारों की पूरी तरह अनदेखी की गई है। संजय तिवारी ने कहा कि बजट से ठीक पहले गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाकर छोटे दुकानदारों के साथ बड़ा धोखा किया गया है। इससे पहले से ही महंगाई से जूझ रहे छोटे व्यापारियों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि बजट में रोजगार सृजन और किसानों की



आय बढ़ाने को लेकर कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। उप्र कांग्रेस पीसीसी सदस्य डा विजय शंकर तिवारी ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा का गुजरात मॉडल देश के लिए विनाशकारी साबित हुआ है और बजट 2026 ने एक बार फिर इसे साबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि बजट में गरीबों, किसानों और बेरोजगारों के लिए केवल सपने दिखाए गए हैं, जबकि जमीनी हकीकत इससे अलग है।

# रविदास जयंती जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था का एसपी ने किया निरीक्षण

## सलाउद्दीनपुर में निकाले जा रहे जुलूस पर विशेष निगरानी

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर जिले में रविदास जयंती के अवसर पर रविवार को थाना इब्राहिमपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम सलाउद्दीनपुर में निकल रहे जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण स्वयं पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों से तैयारियों की जानकारी ली। एसपी ने जुलूस मार्ग, भीड़ प्रबंधन और संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को परखा। उन्होंने मार्ग पर तैनात पुलिस बल की स्थिति देखी और यह सुनिश्चित किया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न उत्पन्न हो। जुलूस के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था और आमजन की

> **एसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जुलूस के दौरान आपसी सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। भीड़ पर नजर रखने के साथ-साथ स्थानीय लोगों से समन्वय बनाकर काम करने को कहा गया। पुलिस प्रशासन की सक्रियता और सतर्कता के चलते जुलूस के दौरान गांव और आसपास के क्षेत्रों में माहौल शांतिपूर्ण बना रहा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल पूरी तरह अलर्ट रहा और स्थिति पर लगातार नजर रखी गई।**

आवाजाही को लेकर भी आवश्यक इंतजाम किए गए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने ड्यूटी पर तैनात समस्त अधिकारी और कर्मचारीगण को स्पष्ट निर्देश दिए कि जुलूस शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल सतर्क रहे और लगातार गश्त जारी रखी जाए। पुलिस प्रशासन की सक्रियता और सतर्कता के



चलते जुलूस के दौरान गांव और आसपास के क्षेत्रों में माहौल शांतिपूर्ण बना रहा।

# टांडा तहसील में तहसीलदार के साथ हुई अभद्रता

## 24 घंटे बाद भी नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। अम्बेडकरनगर के टांडा तहसील में तहसीलदार निखिलेश कुमार सिंह के साथ अभद्रता, धमकी और सरकारी कार्य में बाधा डालने की गंभीर घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस नामजद आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है। यह मामले तहसील प्रशासन और राजस्व कर्मियों में गहरी नाराज़गी का कारण बन गया है। 31 जनवरी को जनता दर्शन के दौरान तहसील कार्यालय में घुसकर दबंगई दिखाने वाले ग्राम प्रधान सुभाष वर्मा, अभिमन्यु वर्मा और राधेश्याम वर्मा सहित 15–20 अज्ञात समर्थकों के खिलाफ टांडा कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोप है कि आरोपियों ने एक फाइल के आदेश को लेकर तहसीलदार पर दबाव बनाया, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने



तहसील गेट पर घेराव कर नारेबाजी शुरू कर दी, जिससे आम जनता का आवागमन बाधित हुआ और सरकारी कामकाज पूरी तरह ठप हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस को काफी मशक्कत के बाद ही भीड़ को हटाया जा सका। घटना के बाद राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी आक्रोशित हैं और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। तहरीर में यह भी दर्ज है कि राधेश्याम वर्मा ने "देख लेने" की धमकी देकर समर्थकों के साथ मौके से चले जाने की बात कही।

# केंद्रीय बजट का सजीव प्रसारण देख भाजपा कार्यकर्ताओं ने की चर्चा

## अकबरपुर ब्लॉक में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकर नगर में केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट को लेकर भाजपा की ओर से जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन और भाजपा जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव के संयोजन में अकबरपुर ब्लॉक मीटिंग हाल में संपन्न हुआ। इसके साथ ही जनपद के सभी मंडलों में एलसीडी और टीवी के माध्यम से बजट का सजीव प्रसारण देखा और सुना गया। बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार ने अपने लोक कल्याणकारी बजट में समाज के सभी वर्गों को ध्यान में रखा है। उन्होंने कहा कि बजट में किसान और गरीब कल्याण के साथ गांवों



और देश के विकास की नींव को मजबूत करने के प्रावधान किए गए हैं। सैन्य क्षमता बढ़ाने के लिए किए गए प्रावधानों से देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बजट में रोजगार सृजन, उत्पादकता और आर्थिक विकास को गति देने के लिए व्यापक सुधार किए गए हैं। परिवहन, रक्षा, ग्रामीण विकास, कृषि, शिक्षा, ऊर्जा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है। कैंसर की 17 प्रकार की दवाओं पर बेसिक कस्टम ड्यूटी में छूट से मरीजों को इलाज में राहत मिलने की बात कही गई। केदार नगर मंडल में जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, सद्गदरपुर मंडल में पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा सहित अन्य स्थानों पर भी बजट का सजीव प्रसारण देखा गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, जिला मंत्री विनय पाण्डेय, नंद कुमार तिवारी राना सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा

## कार सवार तीन की मौत, चार गंभीर तेज रफ्तार ट्रक ने कार को मारी टक्कर

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर जिले से एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। बेवाना थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस के अनुसार हादसे का शिकार हुए सभी लोग एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। वे लखनऊ से गोरखपुर अपने घर लौट रहे थे। मृतक और घायल गोरखपुर जनपद के निवासी बताए गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों को जानकारी दे दी गई। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी अकबरपुर ने बताया कि सुबह करीब 8:30 बजे ट्रक और कार की टक्कर की सूचना मिली थी।



### छह वर्षीय मासूम और पिता की मौके पर मौत

हादसे में कार में सवार छह वर्षीय मासूम बच्चे, उसके पिता और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। राहगीरों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें कार चालक भी शामिल है। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों के अनुसार घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उनका उपचार जारी है।

> **यह दुर्घटना पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 161 पर हुई। जानकारी के अनुसार लखनऊ की ओर से आ रही एक कार को बगल से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए।**



### पुलिस ने संभाला मोर्चा, शव भेजे पोस्टमार्टम को

सूचना मिलते ही बेवाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को हटवाया और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए हैं। हादसे के बाद पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस और एक्सप्रेसवे कर्मियों की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात को सामान्य कराया गया।

## कार्यक्रम : शांति आश्रम इंटर कॉलेज सया में हुआ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम

# बोर्ड परीक्षा की तैयारी पर फोकस करें, गलतियों से बचें: डीआईओएस

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। अंबेडकरनगर में यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुटे हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा पर चर्चा एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शांति आश्रम इंटर कॉलेज सया में संपन्न हुआ, जिसमें भीटी तहसील क्षेत्र के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। परीक्षा पर चर्चा के दौरान कई परीक्षार्थियों ने पढ़ने के बाद भूलने, कम समय में बेहतर तैयारी और परीक्षा के दौरान तनाव से जुड़े सवाल पूछे।



### मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन से हुई शुरुआत

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य रामदयाल ने अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया।

### 18 दिन शेष, बिना तनाव तैयारी करने की सलाह





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण कुमार तिवारी ने कहा कि बोर्ड परीक्षा में अब केवल 18 दिन शेष हैं। ऐसे में परीक्षार्थी तनाव से दूर रहकर पूरी क्षमता के साथ तैयारी करें। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से की गई पढ़ाई का परिणाम अवश्य मिलता है। सभी विषयों का नियमित रिवीजन करें और बचे हुए समय का सही उपयोग करें।

### कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

कार्यक्रम में अजय प्रताप इंटर कॉलेज भीटी, रामबाबा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामबाबा, जीजीआईसी भीटी, ग्राम स्वावलंबी इंटर कॉलेज रनीवा, गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज चाचिकपुर, बालिका इंटर कॉलेज भीटी सहित अन्य विद्यालयों के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों ने भाग लिया।

> **डीआईओएस ने कहा कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ निश्चय और मेहनत आवश्यक है। उन्होंने परीक्षार्थियों से कहा कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा भविष्य के बड़े लक्ष्यों की पहली सीढ़ी है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। कार्यक्रम की शुरुआत में विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों ने परीक्षा में अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने के लिए उपयोगी सुझाव दिए। उत्तर लेखन की शैली, समय प्रबंधन, प्रश्नों को समझकर उत्तर लिखने और सामान्य गलतियों से बचने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की गई।**

# अम्बेडकरनगर में गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क अल्ट्रासाउंड सुविधा शुरू

## 13 निजी केंद्रों से सेवा, नई मैनुअल वाउचर प्रणाली के तहत मिलेगी सेवा

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर में गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधा अब मैनुअल वाउचर व्यवस्था के तहत उपलब्ध होगी। यह सुविधा 1 फरवरी से लागू हो गई है। जिले में 13 निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनुबंधित किया गया है। नई व्यवस्था के तहत अल्ट्रासाउंड के लिए तीन प्रतियों वाला वाउचर जारी किया जाएगा। इस वाउचर की एक प्रति संबंधित चिकित्सक के पास रहेगी, जबकि दो प्रतियां गर्भवती महिला को दी जाएंगी। महिला को इन दो प्रतियों में से एक अल्ट्रासाउंड केंद्र पर जमा करनी होगी। इसके आधार पर केंद्र को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 425 रुपये प्रति जांच का भुगतान किया जाएगा। जिले में जिन केंद्रों को इस सुविधा के लिए



अनुमति दी गई है, उनमें ताज डायग्नोस्टिक, जगमोहन डायग्नोस्टिक, गुप्ता, नेशनल, कैसर, साक्षी, सूर्यांजलि, अंकिता व शुक्ला अल्ट्रासाउंड सेंटर, मार्न, अन्नू नर्सिंग होम, हेल्थ और अथर्व डायग्नोस्टिक शामिल हैं। इन केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अल्ट्रासाउंड सेवा दी जाएगी। जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता शोभा कुमारी ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भावस्था की दूसरी और तीसरी तिमाही में गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच सुनिश्चित की जाएगी। इससे माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा सकेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल ने पुष्टि की कि गर्भवती महिलाओं के निःशुल्क अल्ट्रासाउंड के लिए 13 निजी केंद्रों से अनुबंध किया गया है। उन्होंने बताया कि यह सुविधा 1 फरवरी से प्रभावी है और महिलाओं को किसी भी सरकारी केंद्र से अपने नजदीकी अनुबंधित निजी केंद्र में जांच कराने की सुविधा होगी। इस नई व्यवस्था से उन सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर जहां अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध नहीं है, गर्भवती महिलाओं को समय पर और सुलभ जांच की सुविधा मिलेगी। इससे गर्भावस्था के दौरान स्वास्थ्य समस्याओं का समय रहते पता चल सकेगा और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को घटाने में मदद मिलेगी।

# सम्पादकीय

## कायम रहना चाहिए रिफॉर्म का सिलसिला



संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण ने यह रेखांकित किया कि तमाम चुनौतियों के बाद भी भारत सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा, लेकिन यदि विकसित भारत के लक्ष्य को सचमुच पाना है तो इन चुनौतियों से पार पाना होगा और चुनौतियों से पार तभी पाया जा सकता है, जब आमूलचूल सुधार किए जाएंगे और उन पर तेजी से अमल भी किया जाएगा। यह ठीक है कि प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट से रिफॉर्म एक्सप्रेस को गति मिलेगी, लेकिन देखना यह है कि सभी आवश्यक सुधार हो पाते हैं या नहीं? क्या यह उम्मीद की जाए कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट में व्यापक सुधारों की घोषणा करेंगी। वास्तव में केवल बजट में ही कुछ बड़े और बुनियादी सुधारों की घोषणा नहीं की जानी चाहिए, बल्कि सुधारों का सिलसिला कायम रहना चाहिए। इसके साथ ही यह भी समझना होगा कि आर्थिक विकास को केवल सरकारी प्रयासों से गति नहीं दी जा सकती। आर्थिक सर्वेक्षण साफ तौर पर यह कह रहा है कि विकास को अपेक्षित गति देने के लिए निजी क्षेत्र को अपनी सक्रियता दिखानी होगी। विश्व भर में आर्थिक मोर्चे पर जैसी उथल-पुथल हो रही है और अनिश्चितता का जैसा वातावरण है, उसमें सरकार और निजी क्षेत्र को कंधे से कंधा मिलाकर चलना होगा। अभी ऐसी स्थिति नहीं है। निजी क्षेत्र उन चुनौतियों का सामना करने के लिए कमर कसते हुए नहीं दिख रहा है, जो अर्थव्यवस्था के समक्ष आ खड़ी हुई हैं। जब आर्थिक समीक्षा यह स्पष्ट करती है कि निजी क्षेत्र अब केवल एक भागीदार नहीं है, बल्कि 7 प्रतिशत से अधिक की विकास दर को बनाए रखने के लिए मुख्य इंजन है, तब उसे इसी भूमिका में आना होगा और देश को मैन्युफैक्चरिंग का गढ़ बनाने के साथ शोध एवं विकास में निवेश करना होगा। उसे तकनीक संचालित अर्थव्यवस्था की ओर भी बढ़ना होगा और उत्पादकता के मामले में भी सुधार करना होगा। इससे ही हमारे उत्पाद विश्व स्तरीय बनेंगे और उनकी विश्व में मांग बढ़ेगी। आज ऐसा नहीं है और इसी कारण आर्थिक समीक्षा में यह कहा गया है कि कई आयात अवांछनीय हैं। यह भी स्पष्ट है कि अभी देश में उच्चतम गुणवत्ता वाली वस्तुओं का उत्पादन नहीं हो पा रहा है। इस पर गौर किया जाए कि आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि दोयम दर्जे की गुणवत्ता की वस्तुएं बनाने वालों को संरक्षण देने का कोई मतलब नहीं है। यदि वे प्रतिस्पर्धी नहीं बनते तो उन्हें संरक्षण देना समस्या को बढ़ाना ही है। आज जब स्वदेशी की बातें हो रही हैं, तब उस सामग्री के आयात का कोई औचित्य नहीं, जिसे देश में निर्मित किया जा सकता है। देश की आर्थिक सूरत बदलने के लिए जरूरी है कि राज्य सरकारें भी आर्थिक माहौल को बदलने के लिए वैसी ही तत्परता दिखाएं, जैसी केंद्र सरकार दिखा रही है। उद्योग-धंधों का सही से विकास तभी हो सकता है, जब राज्य सरकारें अनुकूल माहौल निर्माण करने के लिए एक-दूसरे से होड़ करती दिखेंगी। अभी तीन-चार राज्य ही इसमें शामिल दिखते हैं। कई तो ऐसा दिखाते हैं, जैसे देश का आर्थिक विकास करना और विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना केवल केंद्र सरकार का काम है। यह भी ठीक नहीं कि राज्य सरकारें आर्थिक मामलों में राजनीति करती दिखें। कुछ राज्य सरकारें जिस तरह राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने को लेकर लापरवाह दिखती हैं, वह शुभ संकेत नहीं। जैसे केंद्र सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसकी नौकरशाही आर्थिक विकास की बाधाओं को दूर करने का काम प्राथमिकता के आधार पर करे, वैसे ही राज्य सरकारों को भी अपनी नौकरशाही के रुख-रवैये को बदलना होगा। आज नौकरशाही अड़ंगे लगाने और उद्योग-व्यापार जगत को हतोत्साहित करने के लिए ही अधिक जानी जाती है। उसके ऐसे ही रवैये के कारण कारोबारी सुगमता केवल कागजों पर ही बेहतर नजर आती है। सच यह है कि नए उद्योग-धंधे लगाना अभी भी जटिल और समय खपाऊ बना हुआ है। नौकरशाही के प्रतिकूल रवैये के कारण अपने देश में विकास के कई काम इस तरह होते हैं कि उनसे संसाधनों की बर्बादी होती रहती है। यह भी एक तथ्य है कि नौकरशाही का भ्रष्टाचार एक बड़ी समस्या बना हुआ है। औसत नौकरशाहों का रवैया खुद को माई-बाप मानने वाला है। जवाबदेही के अभाव के चलते स्थितियां सुधरने का नाम नहीं ले रही हैं। आर्थिक समीक्षा में उद्यमी राज्य की जिस अवधारणा का उल्लेख किया गया है, उसकी पूर्ति तब होगी, जब शासन-प्रशासन के लोग पारंपरिक तरीके से काम करने के बजाय तेजी से निर्णय लेंगे, जरूरत पड़ने पर उनमें सुधार करेंगे और नवाचार को बढ़ावा देंगे। अनिश्चितता के दौर में ऐसा करना और भी आवश्यक हो गया है, लेकिन दुर्भाग्य से इस प्रवृत्ति का अभाव ही दिखता है।

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान पर विरोधी दल भड़के

> अखिलेश यादव ने अपने एक्स हैंडल से पोस्ट किया कि यह साजिश विशेष रूप से पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाज को निशाना बना रही है। उन्होंने कहा कि फर्जी हस्ताक्षरों से विपक्ष के समर्थकों के नाम काटे जा रहे हैं। यादव ने न्यायालय, निर्वाचन आयोग और पत्रकारों से इस षड्यंत्र का संज्ञान लेने की अपील की।



इस समय उत्तर प्रदेश में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की सरगर्मी चल रही है। इसमें वोटरों से एसआईआर फार्म 6 जनवरी तक भरवाने थे। इसके बाद ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की गई थी। लेकिन इस लिस्ट में भी कुछ लोगों के नाम नहीं जुड़ पाए थे। कुछ ऐसे भी लोग थे जिनके नाम या दूसरी जानकारी सही नहीं प्रकाशित हुईं। अब दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 6 जनवरी से 6 फरवरी तक निर्धारित की गई है। जबकि, पहले ये तिथियां 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक थी। इसी तरह से अब 6 जनवरी से 27 फरवरी तक नोटिस चरण, गणना प्रपत्रों पर निर्णय, दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 मार्च को किया जाएगा। पर अब मतदाता सूची से नाम कटवाने के लिए इस्तेमाल होने वाले फॉर्म-7 को लेकर बड़ा विवाद छिड़ गया है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए इस मुद्दे को उठाया है, जिसमें उन्होंने फॉर्म 7 के दुरुपयोग को बड़ा षड्यंत्र करार दिया। वहीं, कांग्रेस ने भी चुनाव आयोग को पत्र लिखकर कई राज्यों में फॉर्म 7 के माध्यम से योग्य मतदाताओं के नाम हटाने की संगठित साजिश का आरोप लगाया है। ये विशेष रूप से एससी, एसटी, अल्पसंख्यक समुदायों और बुजुर्गों के नाम काटे जाने का आरोप लगा रहे हैं। अखिलेश यादव ने पोस्ट में लिखा कि चुनाव आयोग, न्यायालय और मीडिया से इस महाघोटाले की जांच की मांग की जा रही है। फॉर्म 7 भारत के निर्वाचन प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा वोटर लिस्ट में संशोधन के लिए उपलब्ध कराया जाता है। यह फॉर्म मुख्य रूप से किसी मतदाता के नाम को वोटर लिस्ट से हटाने के लिए इस्तेमाल होता है। किसी मतदाता की मौत, डुप्लीकेट नाम, स्थानांतरण या कोई अन्य वैध आधार हो तो कोई दूसरा व्यक्ति इस फॉर्म को भरकर उसका नाम कटवा सकते हैं। कोई भी व्यक्ति फॉर्म 7 भरकर किसी अन्य मतदाता के नाम पर आपत्ति दर्ज करा सकता है, जिसके बाद चुनाव अधिकारी जांच कर नाम हटा सकते हैं। हालांकि, नियमों के मुताबिक फॉर्म में आपत्तिकर्ता का नाम, पता और हस्ताक्षर अनिवार्य हैं। लेकिन हालिया आरोपों में कहा जा रहा है कि फॉर्म 7 को पहले से छपवाकर, फर्जी हस्ताक्षरों के साथ बड़े पैमाने पर जमा किया जा रहा है। अखिलेश यादव ने अपने पोस्ट में कहा कि गांवों में ऐसे फॉर्म भेजे जा रहे हैं, जहां शिकायतकर्ता का कोई अता-पता नहीं है। इससे पीड़ित मतदाता को पता ही नहीं चलता कि उसका नाम काटा जा रहा है। कांग्रेस ने भी दावा किया कि कई मामलों में फर्जी नाम, गलत ईपीआईसी नंबर और अमान्य मोबाइल नंबर इस्तेमाल हो रहे हैं। कुछ आपत्तिकर्ताओं ने सार्वजनिक रूप से कहा कि उन्होंने कभी फॉर्म भरा ही नहीं। अखिलेश यादव ने अपने एक्स हैंडल से पोस्ट किया कि यह साजिश विशेष रूप से पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाज को निशाना बना रही है। उन्होंने कहा कि फर्जी हस्ताक्षरों से विपक्ष के समर्थकों के नाम काटे जा रहे हैं। यादव ने न्यायालय, निर्वाचन आयोग और पत्रकारों से इस षड्यंत्र का संज्ञान लेने की अपील की। साथ ही न्यूज चैनलों और अखबारों से इस महाघोटाले का पर्दाफाश करने की मांग की। उन्होंने स्थानीय यूट्यूबरों और लोकल न्यूज कर्मियों से भी लोकतंत्र की रक्षा के लिए भंडाफोड़ करने को कहा। उन्होंने वादा किया कि वह उन्हें देश-प्रदेश के सामने लाएंगे। ये आरोप ऐसे समय में आए हैं कई राज्यों चुनाव हो रहे हैं। अखिलेश का कहना है कि अल्पसंख्यक समुदायों के नाम बड़े स्तर पर काटे जा रहे हैं, जिससे विपक्ष की वोट बैंक प्रभावित हो सकती है। कांग्रेस ने भी चुनाव आयोग को लिखी चिट्ठी में फॉर्म 7 के दुरुपयोग को संगठित तरीके से चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा बताया हैं । पार्टी ने राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, असम और केरल जैसे राज्यों से शिकायतें मिलने का जिक्र किया। असम को सबसे गंभीर बताया गया, जहां लाखों वोटरों को निशाना बनाया जा रहा है। कांग्रेस का आरोप है कि एससी, एसटी, अल्पसंख्यक और 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों को विशेष रूप से टारगेट किया जा रहा है।पार्टी ने दावा किया कि इसमें भाजपा से जुड़े बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए) की भूमिका सामने आ रही है। क्लेम्स एंड ऑब्जेक्शंस के तहत लाखों फॉर्म जमा हो रहे हैं, लेकिन कई में आपत्तिकर्ता की पहचान साफ नहीं। कांग्रेस ने कहा कि अगर इसे नहीं रोका गया तो यह चुनावी लाभ के लिए मताधिकार छीनने की बड़ी साजिश है। कांग्रेस ने अपनी चिट्ठी में रेप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपुल एक्ट, 1950 का हवाला दिया, जिसमें फॉर्म 7 केवल मौत, डुप्लीकेशन या वैध कारणों के लिए है। गलत जानकारी देने पर सजा का प्रावधान है। पार्टी ने चुनाव आयोग से तुरंत जांच शुरू करने, दोषियों की पहचान, फॉर्म दुरुपयोग में शामिल लोगों पर कार्रवाई और गलत तरीके से हटाए गए नामों को बहाल करने की मांग की। फॉर्म 7 भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किया गया एक कानूनी आवेदन है। इसका मुख्य उद्देश्य पजीकृत मतदाताओं को औपचारिक रूप से निम्नलिखित जानकारी देना हैःमतदाता सूची में किसी अन्य व्यक्ति का नाम शामिल करने के प्रस्तावित प्रस्ताव पर आपत्ति जताएं। उनका नाम हटाने का अनुरोध करें।मृत्यु, स्थानांतरण या दोहराव जैसे विशिष्ट कारणों से किसी अन्य व्यक्ति का नाम हटाने का अनुरोध करें। दरअसल फॉर्म 7 का उपयोग तब किया जाना चाहिए जबःएक मतदाता को सूची में कोई गलती या पुरानी प्रविष्टि (जैसे किसी मृत व्यक्ति का नाम) दिखाई देती है। उस व्यक्ति ने अपना निवास स्थान बदल लिया है (स्थायी रूप से दूसरे निर्वाचन क्षेत्र में स्थानांतरित हो गया है)। इसमें डुप्लिकेट या त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियाँ मौजूद हैं।

**अशोक भाटिया**

## सबसे महत्वपूर्ण बात ...

डॉ. नीरज भारद्वाज

# वैश्विक भरोसे का प्रतीक भारतवर्ष



भारतवर्ष कभी किसी देश पर आक्रमण करना नहीं चाहता और ना ही भारत कभी विश्व विजय की बात करता है। भारतवर्ष हमेशा विश्व के एकीकरण की बात करता है अर्थात विश्वबंधुत्व की बात करता है। वह सभी को एक साथ लेकर चलने की बात करता है। भारत स्वयं में एक विश्व है क्योंकि यहां की जो संस्कृति है, वह अपने आप में बहुत बड़ी है। हमने अपनी शुरुआती शिक्षा से ही सुना है कि भारत सोने की चिड़िया है, सोने की चिड़िया का अर्थ धीरे-धीरे हमारी समझ में आया अर्थात भारत धन-धान्य से संपन्न और एक शांतिप्रिय देश रहा है। हमने किसी भी पड़ोसी देश पर या किसी टापू पर अपना अधिकार या कहीं स्वामित्व स्थापित नहीं किया और ना हमने कभी करने की सोची। हमने सभी से प्रेम पूर्वक व्यवहार किया, अतिथि देवो भव का विचार हमने हमेशा अपने अंदर रखा है। हमारे देश की हर एक व्यवस्था हमें दुनिया से अलग और बहुत समृद्ध तथा संपन्न बनती है। यहां ऋतु चक्र के चलते अलग-अलग फैसलें, फल, फूल, सब्जियां आदि हमें मिलते रहते हैं। ऋतु चक्र के चलते ही हमारे अलग-अलग तीज-त्योहार हमारे अंदर संचार भर देते हैं। दुनिया का सबसे सुंदर सुखद यह देश अपने में अद्भुत है। यहां पर हर समय लोग आनंद उत्साह और नवसंचार के साथ रहते हैं। ऋतु चक्र के चलतेप्रकृति का बदलता स्वरूप, खान-पान, वेशभूषा आदि पर भी प्रभाव डालता है। बदलते मौसम चक्र के चलते व्यापार को भी अलग-अलग अंदाज में चलाया जाता है। यहां कोई स्थिरता या रुकावट नहीं है। चरैवेति चरैवेति का सिद्धांत हमारे यहां सभी अपनाते हैं। मौसम चक्र के साथ ही हमारे घूमने फिरने के स्थान भी बदल जाते हैं। हमारी संस्कृति विश्व की सबसे सुंदर और शांतिप्रिय है। हमारी संस्कृति हमारा आभूषण है। हमारी संस्कृति, समाज, ऋतु चक्र, तीर्थ, पूजा-पाठ आदि सभी हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। इन सभी व्यवस्थाओं के चलते हमारा व्यापार, रोजगार, काम-धंधे आदि सभी कुछ अलग-अलग अंदाज में वर्ष भर चलते रहते हैं। यहां कभी कोई काम रुकता नहीं है। इसलिए हम सोने की चिड़िया कहे गए हैं। यहां पर हर समय लोगों को काम करने की आदत है जबकि विश्व के कितने ही देशों में एक ही ऋतु है और लोग उसी मौसम की मार झेलते रहते हैं। वहां कभी अलग-अलग अन्न धन होना संभव नहीं है। वहां तीज त्यौहार गिने चुने हैं, इसलिए लोगों में उत्साह कम नजर आता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतवर्ष में परिवार के प्रति एक गहरा लगाव है। जबकि बहुत से देश में पारिवारिक व्यवस्था केवल नाम के लिए है। जब परिवार, समाज, संस्कृति, उत्सव कम होंगे तो स्वाभाविक है कि ऐसे देश की सोच और मानसिकता भी बहुत छोटी और अमानवीय ही होगी। चाहे वह अपने को धन संपन्न माने या कहते रहे, लेकिन यह धन किस काम का है। अपनी धन क्षमता के कारण ही इन विकसित देशों ने ही दो बड़े विश्व युद्ध को जन्म दे दिया। केवल अपने को बड़ा दिखाने के लिए और विश्व का सबसे शक्तिशाली देश कहलाए जाने वाले अमेरिका ने तो मानवीयता का सबसे घिनौना प्रहार जापान पर किया। उसके दो शहरों को परमाणु शक्ति के प्रहार सेमिटा दिया। ऐसी विकसित अर्थव्यवस्था या ऐसे धन-धान्य का क्या लाभ? जो मानवीयता के लिए बहुत बड़ा खतरा बन जाए? जिन देशों में धूप के लिए लोग तरसते हों, जो केवल एक ही ऋतु में रहते हो, वह अपने को कैसे विकसित और धन संपदा से भरे देश का सकते हैं? यह केवल एक मानसिकता है, यदि यह देश सभी चीजों से संपन्न होते तो दूसरे देशों पर आक्रमण क्यों करते हैं? क्यों संपूर्ण मानवता को बार-बार खतरे में डालते हैं? पूरी पृथ्वी की पर्यावरणव्यवस्था को खराब कर देते हैं और जाने कितना ही प्रदूषण फैला रहे हैं? सभी जीव खतरे में नजर आ रहे हैं। युद्ध कभी किसी को कुछ नहीं देते, यह केवल विनाश का रास्ता है। आज भारत को छोड़ बहुत सारे यूरोपीय और अन्य देश तीसरे विश्व युद्ध का खतरा झेलने के लिए खड़े हैं। एक बार फिर मानवता पर प्रहार किया जा रहा है।अब विश्व ऐसे महाविनास और युद्धों से बचना चाहता है।

## भारत वैश्विक ...

डॉ.बालमुकुंद पाण्डेय

# वैश्विक दक्षिण में भारत का नेतृत्व !



वैश्विक दक्षिण जिसे तीसरी दुनिया के नाम से जाना जाता है। विकासशील नवोदित राष्ट्र- राज्यों का समूह है जो वित्त, तकनीकी विशेषज्ञता, तकनीकी शोध, नवाचार एवं नवोन्मेष में पिछड़े हुए हैं। मौलिक स्तर पर ये राष्ट्र - राज्य गरीबी, बीमारी, आतंकवाद और उग्रवाद से पीड़ित हैं। विकसित राष्ट्र राज्यों के द्वारा जलवायु न्याय के लिए अत्याचार, वैश्विक स्तर के साम्यवादी दादाओं (रूस एवं चीन) और वैश्विक दरोगा (संयुक्त राज्य अमेरिका) के भितरघाती राजनीति व नव उपनिवेशवादी राजनीति ग्रसित राष्ट्र - राज्यों से ' आर्थिक सहायता ' की आवश्यकता है। भारत हर वैश्विक मंच पर ' ग्लोबल साउथ' के हितों को पूरी मजबूती से उठा रहा है। भारत का यह सदप्रयास है कि जो भी नवाचार करें, उसे संपूर्ण ' ग्लोबल साउथ' एवं ' कॉमनवेल्थ देशों ' को फायदा हों। भारत वैश्विक मंचों पर विकासशील एवं अल्प- विकसित देशों के मुद्दों को मजबूती से उठा रहा है। भारत सभी लोकतांत्रिक देशों के विकास में निरंतर सहयोग कर रहा है। लोकतांत्रिक संस्थाएं और प्रक्रियाएं वर्तमान में लोकतंत्र को स्थिरता, गति एवं व्यापकता प्रदान कर रही है। भारत वैश्विक स्तर का तेजी से उभरता प्रमुख अर्थव्यवस्था है जिसका विकास दर 7% के रफ्तार से उदीयमान अर्थव्यवस्था बना हुआ है। भारत के जन- केंद्रित नीतियों और कल्याणकारी योजनाओं एवं लोकसम्मत विधियों से लोकतंत्र एवं लोकतांत्रिक संस्कृति में उन्नयन हो रहा है। समकालीन वैश्विक परिदृश्य में भारत के दूरदर्शी और राजनय में कौशल केंद्रित नेतृत्व इन विकासशील राष्ट्र- राज्यों को नेतृत्व दिया है। भारत सुरक्षा और संरक्षण में दक्षिण एशिया मेंश्च बड़े भाईश्च की भूमिका में नेतृत्व कर रहा है तो विकासशील राष्ट्र - राज्यों को औषधि के क्षेत्र में सहयोगी राज्य प्रत्यय की भूमिका का निर्वहन कर रहा है। भारत वैश्विक उत्तर और वैश्विक दक्षिण के' खाई' को मिटाने का सफलतम और दूरदर्शी प्रयास कर रहा है। भारत इन राष्ट्र- राज्यों के लिए संरक्षक की भूमिका में भय और हताशा को मिटाने का प्रयास कर रहा है जिससे जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास पर एकीकृत और सांगठनिक दृष्टिकोण का उन्नयन किया जा सकें। भारत अपने नेतृत्व और उभरते व्यक्तित्व के द्वारा लोकतांत्रिक शासन( वैश्विक स्तर पर तानाशाही की समाप्ति), मानवाधिकार( प्रत्येक राष्ट्र- राज्य अपने घरेलू संवैधानिक व्यवस्था में मानवाधिकार को सुरक्षा और लिपिबद्ध करें) एवं मानवाधिकार की सुरक्षा में अपना यथोचित प्रयास करें।

# जरा हटके

## हम सुविधा के लिए ...

डा. वीरेन्द्र भाटी मंगल

# प्लास्टिक का बढता उपयोग भयावह



वर्तमान दौर में हमारे जीवन में प्लास्टिक एक ऐसा हिस्सा बन चुका है जिसके बिना आधुनिक जीवन की कल्पना करना कठिन लगता है। सुबह उठते ही टूथब्रश से लेकर दूध की थैली, मोबाइल कवर, पानी की बोतल, खाद्य पैकेजिंग, दवाइयों की शीशियां-हर जगह प्लास्टिक मौजूद है। यह हल्का है, सस्ता है, टिकाऊ है और आसानी से ढाला जा सकता है। इन्हीं खूबियों के कारण प्लास्टिक को कभी आधुनिक युग का चमत्कार कहा गया था लेकिन आज वही चमत्कार धीरे-धीरे मानवता और प्रकृति के लिए एक भयावह अभिशाप बनता जा रहा है। प्लास्टिक की सबसे बड़ी समस्या उसकी अविनाशी प्रकृति है। कागज, लकड़ी या कपड़ा समय के साथ नष्ट हो जाते हैं, लेकिन प्लास्टिक सैकड़ों वर्षों तक मिट्टी, पानी और वातावरण में बना रहता है। यह न तो पूरी तरह सड़ता है, न ही प्रकृति में घुलता है। परिणामस्वरूप पृथ्वी पर प्लास्टिक का ढेर लगातार बढ़ता जा रहा है। नदियाँ, समुद्र, खेत, सड़कें-हर जगह प्लास्टिक कचरे की मौजूदगी सामान्य दृश्य बन चुकी है। शहरों की जीवन शैली ने इस संकट को और गहरा किया है। यूज एंड थ्रो संस्कृति यानी इस्तेमाल करो और फेंक दो। इस मानसिकता ने प्लास्टिक के उपभोग को बेतहाशा बढ़ाया है। एक बार उपयोग में आने वाले प्लास्टिक बैग, कप, प्लेट, स्ट्रॉ और पैकेजिंग सामग्री हमारे आराम का साधन तो बने लेकिन पर्यावरण के लिए जहर साबित हुए। हम सुविधा के लिए कुछ मिनट प्लास्टिक का उपयोग करते हैं, लेकिन उसकी कीमत प्रकृति को सदियों तक चुकानी पड़ती है। प्लास्टिक प्रदूषण का सबसे भयावह रूप समुद्रों में दिखाई देता है। हर साल लाखों टन प्लास्टिक समुद्र में पहुंच जाता है। मछलियां, कछुए, पक्षी और अन्य जलचर इसे भोजन समझकर निगल लेते हैं, जिससे उनकी मौत हो जाती है। कई बार जानवर प्लास्टिक में उलझकर दम तोड़ देते हैं। यह केवल वन्य जीवन की समस्या नहीं है, बल्कि अंततः वही प्लास्टिक खाद्य श्रृंखला के माध्यम से मानव शरीर तक पहुंच जाता है। माइक्रोप्लास्टिक आज पानी, नमक, दूध और यहां तक कि हवा में भी पाया जा रहा है। प्लास्टिक केवल पर्यावरण ही नहीं, मानव स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। प्लास्टिक निर्माण में प्रयुक्त रसायन हार्मोन असंतुलन, कैंसर और अन्य बीमारियों से जुड़े पाए गए हैं। प्लास्टिक कचरे को जलाने से निकलने वाली जहरीली गैसें श्वसन रोगों को जन्म देती हैं। अनेक ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कचरा जलाना आम बात है, जिससे हवा और स्वास्थ्य दोनों प्रभावित होते हैं। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि यदि प्लास्टिक इतना हानिकारक है, तो इसका उपयोग पूरी तरह बंद क्यों नहीं किया जा सकता? सच्चाई यह है कि प्लास्टिक के कुछ उपयोग वास्तव में उपयोगी और आवश्यक हैं जैसे चिकित्सा उपकरण, रक्त थैलियां, सीरिंज, आपातकालीन पैकेजिंग आदि। समस्या प्लास्टिक के अस्तित्व से अधिक उसके अनियंत्रित और अनावश्यक उपयोग की है। समाधान का रास्ता भी हमारे व्यवहार से ही निकलता है। सबसे पहला कदम है प्लास्टिक के विकल्प अपनाना। कपड़े या जूट के थैले, स्टील और कांच की बोतलें, मिट्टी और पत्तल से बने बर्तन-ये सब हमारे पारंपरिक जीवन का हिस्सा रहे हैं। आवश्यकता है उन्हें आधुनिक जीवन में फिर से स्थान देने की। दूसरा महत्वपूर्ण कदम है कम उपयोग, पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण'' की भावना को अपनाना। सरकारों ने भी प्लास्टिक पर नियंत्रण के लिए नियम बनाए हैं। कई राज्यों में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया गया है लेकिन कानून तभी प्रभावी होंगे, जब नागरिक उनमें सहभागी बनें। केवल जुर्माने या आदेश से समस्या हल नहीं होगी. इसके लिए सामाजिक चेतना और नैतिक जिम्मेदारी जरूरी है। विद्यालयों, परिवारों और समाज को मिलकर नई पीढ़ी में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करनी होगी। बच्चों को यह सिखाना होगा कि सुविधा के साथ जिम्मेदारी भी आती है। प्लास्टिक का विकल्प चुनना केवल पर्यावरण बचाने का कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की रक्षा भी है। प्लास्टिक हमारे लिए सुविधा है या अभिशाप? उत्तर सीधा नहीं है। सीमित और विवेकपूर्ण उपयोग में यह सुविधा हो सकता है लेकिन अंधाधुंध उपभोग में यह निस्संदेह एक अभिशाप है। निर्णय हमारे हाथ में है। यदि हमने समय रहते अपनी आदतें नहीं बदलीं, तो सुविधा की यह कीमत पृथ्वी को बहुत भारी पड़ सकती है। आज जरूरत है कि हम प्रकृति के साथ अपने संबंध को फिर से समझें और यह स्वीकार करें कि सच्ची सुविधा वही है जो जीवन और पर्यावरण दोनों के लिए सुरक्षित हो। प्लास्टिक केवल पर्यावरण ही नहीं, मानव स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। प्लास्टिक निर्माण में प्रयुक्त रसायन हार्मोन असंतुलन, कैंसर और अन्य बीमारियों से जुड़े पाए गए हैं। प्लास्टिक कचरे को जलाने से निकलने वाली जहरीली गैसें श्वसन रोगों को जन्म देती हैं। अनेक ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कचरा जलाना आम बात है, जिससे हवा और स्वास्थ्य दोनों प्रभावित होते हैं। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि यदि प्लास्टिक इतना हानिकारक है, तो इसका उपयोग पूरी तरह बंद क्यों नहीं किया जा सकता? सच्चाई यह है कि प्लास्टिक के कुछ उपयोग वास्तव में उपयोगी और आवश्यक हैं जैसे चिकित्सा उपकरण, रक्त थैलियां, सीरिंज, आपातकालीन पैकेजिंग आदि। समस्या प्लास्टिक के अस्तित्व से अधिक उसके अनियंत्रित और अनावश्यक उपयोग की है।

## माघी पूर्णिमा पर प्रयागराज नहीं गए अविमुक्तेश्वरानंद, माघ मेला छोड़कर काशी आ गए थे

# शंकराचार्य पार्टी जॉइन कर राजनीति करें : राजभर

**सलाह**

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। यूपी के मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को खुलकर राजनीति में आने की सलाह दी है। राजभर ने शनिवार को अलीगढ़ में कहा- अगर उन्हें राजनीति ही करनी है, तो फिर उन्हें खुलकर मैदान में आ जाना चाहिए। उन्हें किसी राजनीतिक दल को जॉइन कर उस पार्टी का झंडा-डंडा लेकर जनता के बीच निकलना चाहिए। महात्माओं को ऐसी राजनीति शोभा नहीं देती। गायक अपून जलोटा ने कहा कि संतों को सार्वजनिक मंच पर बोलते समय सोच-समझकर बात रखनी चाहिए। वहीं, माघी पूर्णिमा के मौके पर शंकराचार्य का प्रयागराज न जाना भी चर्चा का विषय बना हुआ है। इस बार वह काशी में अपने मठ


शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद

में हैं। दरअसल, 18 जनवरी को मौनी अमावस्या पर स्नान के जिए जा रहे शंकराचार्य की पालकी पुलिस ने रोक दी थी। शिष्यों से धक्का-मुक्की हुई थी। इसके बाद माघ मेले में 11 दिन अपनी मांगों को लेकर शंकराचार्य उसी जगह धरने पर बैठे रहे थे, जहां पुलिस उन्हें छोड़कर गई थी। इसके बाद 28 जनवरी की दोपहर वह माघ मेला छोड़कर काशी चले आए थे। आइए जानते हैं किसने, क्या कहा... राजभर ने तमसा संकेत से कहा- साधु-संतों का काम समाज में भाईचारा फैलाना है, न कि राजनीतिक दलों की तरह 'पार्टीबंदी' करना। वह आजकल एक धर्मगुरु के बजाय विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं। साधु-संत का काम होता है समाज में अमन-चैन कायम करना।

**योगी सरकार अविमुक्तेश्वरानंद को शंकराचार्य नहीं मानती है। शंकराचार्य कोई सरकारी नियुक्ति या सवैधानिक पद नहीं है, बल्कि यह मठों और परंपराओं का विषय है। सरकार किसी भी ऐसे व्यक्ति को मान्यता नहीं देगी, जो धार्मिक पद की आड़ में जनता के बीच भ्रम फैलाता हो।**

### मनोज तिवारी बोले- योगी से हिंदू का प्रमाण मांगने वाले पर संदेह

शंकराचार्य के CM योगी से हिंदू होने का प्रमाण मांगने वाले बयान पर वाराणसी में सांसद मनोज तिवारी ने पलटवार किया। उन्होंने कहा- अगर योगी आदित्यनाथ से कोई हिन्दू होने का प्रमाण मांगता है तो उस व्यक्ति के अपने हिन्दू होने पर ही संदेह होता है। योगी जी का पूरा जीवन सनातन संस्कृति और हिंदू समाज की सेवा में समर्पित रहा है।



### मंत्री धर्मपाल सिंह बोले- शंकराचार्य के आका करते थे गोकशी

बरेली में शनिवार को पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा- अविमुक्तेश्वरानंद गोकशी पर सफेद झूठ बोल रहे हैं। यूपी में जिस गोकशी की बात वो कर रहे हैं, वह दरअसल अविमुक्तेश्वरानंद के 'आकाओं' का काम रहा है। वह कथित गोकशो के दबाव में आकर प्रदेश में भ्रम और अराजकता फैलाना चाहते हैं। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## शराब के नशे में ऑटो चालक ने यात्री से की मारपीट

### 15 हजार रुपये व मोबाइल लूटकर फरार

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में शराब के नशे में धुत एक ऑटो रिक्शा चालक द्वारा सवारी के साथ मारपीट कर लूट की घटना सामने आई है। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली मोहम्मदपुर खाला पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार ग्राम बैरानामऊ मंझारी निवासी मनोज कुमार पुत्र शिवकुमार अपनी पत्नी की तबियत खराब होने के कारण ससुराल जा रहे था। आर्थिक तंगी के चलते उन्होंने अपना खेत गिरवी रखकर रुपये जुटाए थे। सूरतगंज पहुंचने पर उन्होंने बेलहरा जाने के लिए 200 रुपये में एक ऑटो रिक्शा बुक किया। पीड़ित का आरोप है कि ऑटो चालक ने सूरतगंज स्थित देशी शराब ठेके पर रुककर पहले शराब खरीदी और फिर शराब का सेवन किया। इसके बाद नशे की हालत में वाहन चलाते हुए जब ऑटो बसौली इमलीपुर के पास पहुंचा तो चालक ने अचानक मनोज कुमार के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के बाद आरोपी चालक पीड़ित से 15,000 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन छीनकर मौके से फरार हो गया। पीड़ित का कहना है कि घटना से संबंधित ऑटो चालक की सीसीटीवी फुटेज सूरतगंज के देशी शराब ठेके में मौजूद है, जिससे आरोपी की पहचान की जा सकती है। पीड़ित मनोज कुमार ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मोहम्मदपुर खाला से मामले में उचित कानूनी कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है। इस संबंध में सूरतगंज चौकी प्रभारी उमेश कुमार वर्मा ने बताया कि जांच पड़ताल में पता चला है दोनों साथ में शराब पीए है जिसके बाद दोनों मार पीट की है और मामला दो दिन पुराना है फिर हाल मामला संदिग्ध लग रहा है सीसीटीवी फोटोज के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है।

**फास्ट न्यूज**

### कल्याणपुर के ग्रामीण बैंक में लगी आग

कानपुर। कानपुर के कल्याणपुर क्षेत्र में शनिवार तड़के शॉर्ट सर्किट से एक बैंक में आग लगने से हड़कंप मच गया। राहगीरों ने बैंक के अंदर से काला धुआं और आग की लपटें उठती देख 112 नंबर पर सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने पहले शटर तोड़ा, फिर खिड़की तोड़कर अंदर दाखिल हुए और करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### ट्रेन से कटकर युवक ने दी जान

कानपुर। कानपुर के घाटमपुर क्षेत्र में शनिवार देर रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कानपुर–बांदा रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी ने घाटमपुर पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों को सूचना दी। मृतक की पहचान फतेहपुर जिले के जहानाबाद थाना क्षेत्र के औरंगाबाद कोड़ा निवासी 42 वर्षीय मोहम्मद इमरान के रूप में हुई है।

### बाइक से पटाखे की आवाज निकालने वालों पर पुलिस कार्रवाई

मुरादाबाद। महानगर की सड़कों पर बुलेट में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज आवाज में फर्राटा भरने और खतरनाक स्टंट कर शांति भंग करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर थाना सिविल लाइंस पुलिस और यातायात पुलिस ने शुक्रवार को संयुक्त अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया।

# 29वीं अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता

### ओलंपिक पदक विजेताओं की जन्मस्थली में 2 फरवरी से आयोजन

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजीपुर। जिले के करमपुर स्थित मेघबरन सिंह स्टेडियम में 2 फरवरी से 8 फरवरी 2026 तक 29वीं अखिल भारतीय मेघबरन सिंह ठाकुर तेज बहादुर सिंह स्मृति हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित आयोजन को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। आयोजन संचालक अनिकेत सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा अवसर है। इससे खिलाड़ियों को ओलंपिक जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचने की प्रेरणा मिलेगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन 2 फरवरी 2026 को दोपहर में किया जाएगा। इस अवसर पर परिवहन विभाग के राज्य मंत्री



(स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह और स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवीन्द्र जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। आयोजकों के अनुसार खिलाड़ियों के लिए आवास, भोजन, चिकित्सा सुविधा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। स्थानीय प्रशासन और खेल विभाग के सहयोग से प्रतियोगिता को सफल बनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता से गाजीपुर की पहचान खेल के क्षेत्र में और मजबूत होगी। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी और जिले में खेल संस्कृति को नई दिशा

### पूर्वांचल की खेल प्रतिभाओं का केंद्र है मेघबरन सिंह स्टेडियम

मेघबरन सिंह स्टेडियम को पूर्वांचल में खेल प्रतिभाओं की नर्सरी के रूप में जाना जाता है। यहीं से निकले ललित कुमार उपाध्याय और राजकुमार पाल ने पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीय हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है।

मिलेगी। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता से गाजीपुर की पहचान खेल के क्षेत्र में और मजबूत होगी। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी और जिले में खेल संस्कृति को नई दिशा मिलेगी। आयोजकों के अनुसार खिलाड़ियों के लिए आवास, भोजन,

### 8 फरवरी को फाइनल और समापन समारोह

प्रतियोगिता का समापन 8 फरवरी 2026 को फाइनल मुकाबले के साथ होगा। इस मौके पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे।

### देश की 12 टीमें लेंगी हिस्सा

हॉकी इंडिया के मानकों के अनुसार आयोजित इस प्रतियोगिता में देश की 12 प्रमुख टीमें हिस्सा लेंगी। मुकाबले 'लीग-कम-नॉकआउट' आधार पर खेले जाएंगे। आर्मी ग्रीन (जालंधर), CISF (जालंधर), NCOE (लखनऊ), यूपी पुलिस (लखनऊ), पूर्वोत्तर रेलवे (गोरखपुर), अश्विनी स्पोर्ट्स अकादमी (मैसूर), मिर्जापुर इलेवन, स्पोर्ट्स हॉस्टल वाराणसी, स्पोर्ट्स हॉस्टल झांसी, सैफई स्पोर्ट्स कॉलेज इटावा, बीएचयू वाराणसी और मेजबान मेघबरन सिंह हॉकी अकादमी।

चिकित्सा सुविधा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। स्थानीय प्रशासन और खेल विभाग के सहयोग से प्रतियोगिता को सफल बनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है।

## एमआईईटी में साहित्य और स्टार्टअप का अनूठा संगम

तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) में साहित्य, उद्यमिता और बौद्धिक विमर्श का अनूठा संगम देखने को मिला। एस्थेटिक्स इंटरनेशनल, मॉम मनी एंड माइंडसेट तथा एमआईईटी इनक्यूबेशन फोरम के संयुक्त तत्वावधान में 'बियोंड द बुकशेल्फ एंड स्टार्टअप वर्कशॉप' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुस्तक विमोचन, पैनल डिस्कशन, साहित्यिक सम्मान और स्टार्टअप से जुड़ी कार्यशाला आयोजित की गई, जिसने साहित्यकारों और नवोदित उद्यमियों को एक साझा मंच प्रदान किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 10 पुस्तकों का औपचारिक विमोचन रहा। विमोचित पुस्तकों में लेखक हेमंत सक्सेना की 'ओलिव डायरीज', स्मिता दास जैन की




'ट्विस्टेड टेल्स एंड टर्न्स (फिक्शन)', राशिमा वर्मा की 'द मेवाड़ कंस्पायरेसी', अक्षय श्रॉफ की 'गेम चेंजर मोंक', निलेश कुलकर्णी की 'इन द फुटस्टेप्स ऑफ राम', मीनाक्षी गाबा की 'द कंज्यूमर कोड' तथा वीणा गुप्ता की 'द प्रोटेक्टर' सहित अन्य प्रमुख कृतियां शामिल रहीं। इसके अतिरिक्त चार पुस्तक कवर का अनावरण तथा दो सारगर्भित पैनल डिस्कशन भी आयोजित किए गए, जिनमें लेखन, प्रकाशन और उद्यमिता के बदलते आयामों पर विचार-विमर्श हुआ।

# सूरतगंज : परमहंस आश्रम टड़वा धाम में श्रीराम कथा का शुभारंभ

### कथावाचक चन्द्रशेखर जी महाराज ने मानव जीवन के महत्व पर डाला प्रकाश

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत परमहंस आश्रम टड़वा धाम में रविवार से पांच दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर लखनऊ से पधारे प्रसिद्ध कथा वाचक चन्द्रशेखर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को मानव जीवन के महत्व और आध्यात्मिक मार्ग की जानकारी दी। कथा के प्रथम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा के दौरान चन्द्रशेखर जी महाराज ने कहा कि यह मानव शरीर युगों-युगों के बाद प्राप्त होता है। आंखों से दिखाई देने वाला संसार माया की छाया है, जो मृत्यु के समय यहीं छूट जाता है। उन्होंने कहा कि मानव शरीर ही परमात्मा को प्राप्त करने और साधना-भजन के माध्यम से मोक्ष पाने का एकमात्र माध्यम है। उन्होंने बताया कि प्रभु प्राप्ति का मार्ग



केवल संत-महात्माओं के मार्गदर्शन से ही संभव है। इस मार्ग पर चलने के लिए सबसे पहले मानवतावादी बनना आवश्यक है। कथावाचक ने कहा कि मानव धर्म का मूल उद्देश्य एक-दूसरे की निःस्वार्थ सेवा करना है। इंसान को इंसान के काम आना चाहिए। उन्होंने सत्य, दया, अहिंसा और परोपकार जैसे गुणों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब तक व्यक्ति अपने आचरण में इन गुणों को नहीं उतारता, तब तक आध्यात्मिक उन्नति संभव नहीं है। चन्द्रशेखर जी महाराज ने शराब सहित सभी प्रकार के नशीले पदार्थों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों को बर्बाद करता है। स्वस्थ और संस्कारी समाज के निर्माण के लिए नशामुक्त जीवन आवश्यक है। कथावाचक ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को संत-महात्माओं के पास लेकर आएं और उनके वचनों से परिचित कराएं। उन्होंने कहा कि बच्चे ही देश और समाज का भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि यदि बच्चों को राम और कृष्ण जैसे आदर्श संस्कार दिए जाएं, तो वे अच्छे नागरिक बनेंगे और माता-पिता का बुढ़ापा भी सम्मानपूर्वक बीतेगा। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि प्रभु प्राप्ति का मार्ग सच्चा है। नियमित अभ्यास और श्रद्धा से यह मार्ग दिखाई भी देता है और अनुभव भी होता है।

# 7 लाख की चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

### पुलिस की एएनटीएफ यूनिट ने पकड़ा, बिहार से लाकर बनारस को लगा रहा था नशे की लत

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) की वाराणसी इकाई को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने भेलूपुर क्षेत्र से एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से 2 किलो 500 ग्राम चरस बरामद की है। बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 7 लाख रुपये आंकी गई है। पकड़े गए तस्कर की पहचान विनोद के रूप में हुई है, जो बिहार के मधुबनी जिले का रहने वाला है। वह पिछले कई महीनों से वाराणसी में रहकर मादक पदार्थों की तस्करी का नेटवर्क संचालित कर रहा था। ANTF को सूचना मिली थी कि भेलूपुर क्षेत्र में एक व्यक्ति भारी मात्रा में चरस की सप्लाई करने की तैयारी में है। सूचना के आधार पर टीम ने क्षेत्र में घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति



की निगरानी शुरू की। जैसे ही आरोपी अपने ठिकाने से बाहर निकला, टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से प्लास्टिक में लिपटी हुई 2.5 किलो चरस बरामद हुई। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए थाने लाया गया। पूछताछ में आरोपी विनोद ने बताया कि वह बिहार से एक अज्ञात सप्लायर के माध्यम से चरस मंगवाता था। वह स्कूटी के जरिए मादक पदार्थ को छिपाकर वाराणसी लाता और यहां विभिन्न इलाकों में पुड़िया बनाकर बेचता था। उसने बताया कि यह धंधा वह लंबे समय से कर रहा था और इससे उसे अच्छी कमाई हो रही थी। इसी पैसे से वह अपने शौक और निजी खर्च पूरे करता था। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी मुख्य रूप से कॉलेज छात्रों, युवाओं और नशे के आदी लोगों को अपना ग्राहक बनाता था। वह छोटे-छोटे पैकेट बनाकर गली-मोहल्लों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सप्लाई करता था।

### ढाई किलो चरस के साथ किया गिरफ्तार

ANTF टीम को लीड कर रहे सब इंस्पेक्टर आदित्य नारायण सिंह ने बताया - इसपर विनोद कुमार गुप्ता अस्थायी निवासी मकान संख्या एन 16/110 विनायका थाना भेलूपुर। स्थायी पता गंधवार थाना सकरी जिला मधुबनी बिहार के बारे में जानकारी की गयी तो उसका तस्कर होना पुष्ट हो गया। इस पर बीती रात पद्मश्री चौराहे से 50 मीटर पहले मार्ग मिन्ट गार्डेन के सामने से गिरफ्तार किया गया उसके पास एक टीवीएस स्कूटी मिली जिसकी डिग्गी में ढाई किलो चरस बरामद हुई है।

### तस्करी की मिल रही थी सूचना

ANTF के अधिकारियों ने बताया - वाराणसी सहित पूर्वांचल में मादक पदार्थ बिहार से लाकर तस्करी करने की सूचना लगातार मिल रही थी। इसी क्रम में वाराणसी यूनिट को सक्रिय किया गया था। वाराणसी यूनिट पिछले कई महीनों से बिहार से आने वाले लोगों पर नजर रख रही थी। इसी दौरान मुखबिर से वाराणसी के भेलूपुर में रहने वाले व्यक्ति के बारे में सूचना मिली की वह बिहार से मादक पदार्थ लेकर वाराणसी में बेचता है।

## विवाद : एक ने धक्का दिया तो दूसरी ने साड़ी पकड़ा, 2 मंजिला बिल्डिंग से गिरीं

# कपड़े सुखाने को छत पर भिड़ी महिलाएं

- शिवपुर थाना क्षेत्र के इसी दो मंजिला मकान से गिरकर एक महिला की मौत हो गई।
- महिला के छत से गिरने के बाद शनिवार देर शाम जांच-पड़ताल करने पहुंची पुलिस।

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी में कपड़े सुखाने के विवाद में दो महिलाएं छत पर भिड़ गईं। एक-दूसरे पर कपड़े फेंकने लगीं। हाथापाई में एक महिला ने दूसरी को धक्का दे दिया। गिरते समय पहली महिला ने दूसरी महिला की साड़ी पकड़ ली। इसके बाद दोनों छत की दूसरी मंजिल से धड़ाम से गिरीं। नीचे



गिरते ही दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। आसपास के लोग जुटे लेकिन तब तक एक महिलाने दम तोड़ दिया। वहीं दूसरी के कमर और शरीर की कई हड्डियां टूट गई। आनन फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर, सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मामले की पड़ताल की। परिजनों की तहरीर लेकर रविवार को शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूरा मामला शिवपुर थाना क्षेत्र का है। मुर्दहा बाजार के राज मिस्त्री तेज बहादुर अपनी पत्नी ज्योति प्रजापति (22), दो साल की बेटी दीपाली और 2 माह की बेटी लक्ष्मी के साथ हटिया गांव में किराए के मकान में रहते थे। इसी

### ज्योति के सिर में लगी गंभीर चोट

हादसे में ज्योति के सिर में गंभीर चोट लग गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि समशुल बेगम गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ज्योति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, वहीं घायल समशुल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।





> **थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार सोनकर बताया- पीड़िता के पति की तहरीर पर आरोपी महिला समशुल बेगम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है और विधिक कार्रवाई जारी है। महिला का गंभीर हालत में इलाज कराया जा रहा है।**

मकान में समशुल बेगम उर्फ सुमन भी किराए पर रहती थी। दोनों महिलाओं के बीच छत पर कपड़ा फैलाने को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। शनिवार को शाम ज्योति प्रजापति छत पर कपड़ा सुखाने गई थी। पत्नी का शव देखकर पति तेज बहादुर का रो-रोकर बुरा हाल है। वह अपनी मासूम बेटियों को गोद में लेकर उन्हें संभालता नजर आया।

**ज्योति प्रजापति के पति तेज बहादुर का कहना है कि उसी दौरान समशुल बेगम भी छत पर पहुंची और दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। समशुल ने ज्योति को धक्का दे दिया। गिरते समय ज्योति ने समशुल को पकड़ लिया, जिससे दोनों महिलाएं छत से नीचे आ गिरीं।**

# इंजीनियर का फ्लैट में मिला शव

### पड़ोसी बोले-अकेलेपन से जूझ रहे थे, एक गोद लिया बेटा सैन्य सेवा में तैनात

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। सिकंदरा थाना क्षेत्र के शास्त्रीपुरम स्थित शिवम एलिगेंट अपार्टमेंट में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक रिटायर्ड इंजीनियर का शव उनके फ्लैट में बेड पर पड़ा मिला। मृतक की पहचान शैलेंद्र कुमार (78) के रूप में हुई है, जो फ्लैट नंबर 505 में अकेले रहते थे। पड़ोसियों के अनुसार, शुक्रवार से फ्लैट का दरवाजा नहीं खुला था और अंदर से कोई आवाज भी नहीं आ रही थी। शनिवार दोपहर तक जब कोई हलचल नहीं दिखी, तो लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना मिलते ही शास्त्रीपुरम पुलिस चौकी प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और फ्लैट का ताला खुलवाया। अंदर कमरे में शैलेंद्र कुमार बिस्तर पर मृत अवस्था में मिले। प्राथमिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि तबीयत बिगड़ने के कारण वे



बिस्तर से उठ नहीं पाए और वहीं उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पड़ोसियों ने बताया कि शैलेंद्र कुमार ज्यादा किसी से बातचीत नहीं करते थे। वे अपनी दवाइयां, भोजन और अन्य जरूरी सामान ऑनलाइन मंगाते थे और अधिकतर समय घर में ही रहते थे। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतक का एक गोद लिया बेटा है, जो वर्तमान में पुणे में सैन्य सेवा में तैनात डीसीपी सिटी सैय्यद अली अब्बास ने बताया कि अकेले रहने वाले बुजुर्गों की सुरक्षा और देखभाल के लिए थाना स्तर पर बीट सिपाहियों को निर्देश दिए जाएंगे। समय-समय पर ऐसे लोगों से संपर्क कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली जाएगी।है। सूचना मिलने पर परिजन आगरा के लिए रवाना हो गए हैं। डीसीपी सिटी सैय्यद अली अब्बास ने बताया कि अकेले रहने वाले बुजुर्गों की सुरक्षा और देखभाल के लिए थाना स्तर पर बीट सिपाहियों को निर्देश दिए जाएंगे। समय-समय पर ऐसे लोगों से संपर्क कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मरने से पहले मोबाइल पर किया सर्च- तुरंत कैसे मरा जाए, स्टेनो पद पर हुआ था चयन

# पेट्रोल डालकर युवक ने लगाई आग, मौत

**घटना**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गाजियाबाद। गाजियाबाद में एक युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। गंभीर हालत में उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। मरने से पहले युवक ने अपने मोबाइल पर सर्च किया था कि तुरंत मरने के लिए क्या करना चाहिए-फांसी लगानी चाहिए या जलकर मरना चाहिए। यह घटना शनिवार देर रात की है। पुलिस ने युवक का मोबाइल कब्जे में ले लिया है। उसकी पहचान मधुर यादव के रूप में हुई है। मधुर का चयन राजस्थान कोर्ट में स्टेनो के पद पर हुआ था। युवक ने यह कदम क्यों उठाया, इसकी वजह अभी स्पष्ट



मधुर यादव, मृतक

नहीं हो पाई है। पड़ोसियों के अनुसार, मधुर का एक युवती से अफेयर चल रहा था। वहीं, पिता ने आत्महत्या की बात से इनकार करते हुए आरोप लगाया है कि किसी ने उसे नशीला स्प्रे सुंघाकर बेहोश किया और फिर पेट्रोल डालकर जला दिया। गाजियाबाद के मोदीनगर में मंगल विहार कॉलोनी में रहने वाले जितेंद्र यादव सिंचाई विभाग में तैनात हैं। उनका बड़ा बेटा मधुर यादव (25) का कुछ दिन पहले ही राजस्थान में कोर्ट में स्टेनो के पद पर चयन हुआ था। जिसकी ज्वाइनिंग डेट अभी नहीं आई थी। मधुर यादव 2 भाइयों में बड़ा था। छोटा भाई 12 वीं की पढ़ाई कर रहा है।

- युवक मोदीनगर के हॉस्पिटल में गंभीर स्थिति में था।
- युवक ने सिर से पूरे शरीर पर पेट्रोल डाला था।

**डॉक्टरों ने बताया- मरीज 80 प्रतिशत तक जल गया है। डॉक्टरों ने उसे तुरंत दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने झुलसी हुई हालत में मधुर से घटना के बारे में पूछा तो उसने अभिषेक नाम के एक युवक का नाम लिया। इसके बाद वह बयान में कुछ बोल नहीं सका।**

मोदीनगर पुलिस ने जब मधुर के मोबाइल की फोन की जांच की तो पता चला कि 31 जनवरी को उसने गूगल पर सर्च किया कि मरा कैसे जाता है, फांसी से कैसे मरा जाता है, जलकर कैसे मरा जाता है। इसके बाद पुलिस ने मधुर के मोबाइल को कब्जे में लेकर साइबर एक्सपर्ट से भी राय ली है। पुलिस की जांच में सामने आया कि एक सप्ताह पहले भी युवक ने अपने एक राइट हाथ को जला लिया था। पिता जितेंद्र यादव ने कहा- मेरा शाम 7 बजे घर से गया था। उसके बाद फोन करके बताया मैं गोविंदपुरी आया हूं। फिर कई मोबाइल स्विच ऑफ आया। फिर मेरे साले के लड़के को बताया कि मैं अभी आ रहा हूं। फिर अपनी मां को बताया कि मैं अभी आ रहा हूं।

**घर से 2 किमी दूर आग लगाई**

मधुर शनिवार रात करीब 9 बजे अपने घर से निकला था। घर से 2 किमी दूर निवाड़ी रोड पर 30 फीटा के पास उसने अपने शरीर पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। चूंकि, उस जगह पर ज्यादा भीड़भाड़ नहीं रहती इसलिए काफी देर बाद किसी ने देखा। उधर से गुजर रहे एक राहगीर अभिषेक ने मधुर को जलती हुई हालत में देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस तुरंत मधुर को मोदीनगर के प्राइवेट हॉस्पिटल में ले गई। जानकारी होने पर परिजन भी अस्पताल पहुंचे।



सिर से लेकर पैर तक युवक बुरी तरह झुलस गया था।

## अयोध्या मंडल में बिना हेलमेट 2700 से लोगों का चालान

### ओवरस्पीडिंग पर भी कड़ा एक्शन, सड़क सुरक्षा माह में हुई सख्ती

**तमसा संकेत, एजेंसी**



अयोध्या। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत अयोध्या मंडल में ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों ने एक माह तक विशेष अभियान चलाकर नियम तोड़ने वालों पर शिकंजा कसा। जनवरी माह में ही बिना हेलमेट वाहन चलाने पर 2753 और ओवरस्पीडिंग पर 167 चालान किए गए। अभियान के दौरान 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' कैंपेन, पिलियन राइडर सहित हेलमेट अनिवार्यता, सीट बेल्ट और स्पीड लिमिट के पालन, ड्रंकन ड्राइविंग पर जीरो टॉलरेंस तथा डिजिटल मॉनिटरिंग के जरिए जागरूकता बढ़ाई गई। अयोध्या जिले में ओवर-स्पीडिंग के 159 मामलों में 57 चालान कर 0.02 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया। गलत दिशा में वाहन चलाने पर 113, मोबाइल फोन के प्रयोग पर 93 और ड्रंकन ड्राइविंग में 52 मामलों में कार्रवाई हुई। बिना हेलमेट 882 चालान किए गए, जबकि सीट बेल्ट न लगाने पर 212 चालानों से 0.37 लाख रुपये वसूले गए। अम्बेडकरनगर में ओवरस्पीडिंग, गलत दिशा, मोबाइल फोन प्रयोग, बिना हेलमेट और ड्रंकन ड्राइविंग के मामलों में कुल मिलाकर दर्जनों चालान किए गए। अमेठी में बिना हेलमेट के 717 और ड्रंकन ड्राइविंग के 12 मामलों में कार्रवाई हुई। बाराबंकी में भी ओवर-स्पीडिंग, मोबाइल फोन प्रयोग, बिना हेलमेट और सीट बेल्ट उल्लंघन पर चालान काटे गए।

**फास्ट न्यूज**

### भजन गायक अनूप जलोटा का शंकराचार्य पर तंज

वाराणसी। वाराणसी में गायक अनूप जलोटा ने अविमुक्तेश्वरानंद पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा- भले ही मत अलग हों, लेकिन सभी की वाणी मधुर होनी चाहिए। हर व्यक्ति को सोच-समझकर बोलना चाहिए, योगी-मोदी ने सकारात्मक माहौल बनाया। यह बात उन्होंने संत रविदास महोत्सव में कही। वह शनिवार को काशी में थे।

### प्रधानाचार्य पर हमले में चार गिरफ्तार

बिलारी। मुरादाबाद के डिलारी थाना क्षेत्र के अलियाबाद गांव स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य अशोक कुमार सूर्यवंशी पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना डॉ. बीआर अंबेडकर की एक तस्वीर और जाति-आधारित अपमान को लेकर हुए विवाद के बाद हुई। यह मामला 27 जनवरी, 2026 को तब शुरू हुआ, जब कुछ ग्रामीणों ने प्रधानाचार्य अशोक कुमार सूर्यवंशी पर स्कूल में लगी डॉ. बीआर अंबेडकर की एक तस्वीर फाड़ने और अनुसूचित जाति के छात्रों के प्रति आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

### आम बजट का महिलाओं पर असर

कानपुर। सुबह से ही आम बजट को लेकर चर्चाएं होती रहीं और इसके प्रभाव को लेकर हर वर्ग में प्रतिक्रियाएं सामने आईं। आम बजट के बाद कानपुर में महिलाओं ने भी अपनी राय रखी। घरेलू महिलाओं पर बजट का क्या असर पड़ेगा और इससे उनके घर का बजट बिगड़ेगा या संभलेगा, इसपर पर दैनिक भास्कर ने महिलाओं से बातचीत की। महिलाओं का कहना है कि पेश किए गए आम बजट में उन्हें कोई विशेष प्रत्यक्ष लाभ नहीं मिला है।

# तीन अज्ञात युवकों ने युवती से मोबाइल फोन छीनकर हुए फरार

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक बार फिर मोबाइल छिनैती की घटना सामने आई है। शनिवार शाम पैदल घर लौट रही एक युवती से बाइक सवार तीन अज्ञात युवकों ने मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, रामनगर थाना क्षेत्र के सरसवां मजरे मधवा जलालपुर निवासी प्रमोद कुमार सिंह की पुत्री पूजा सिंह पंचायत सहायक के पद पर कार्यरत हैं। वर्तमान में उनकी ड्यूटी ब्लॉक कार्यालय में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में लगी हुई है। शनिवार की शाम लगभग पांच बजे पूजा सिंह सूरतगंज ब्लॉक से कार्य समाप्त कर वापस घर लौट रही थीं। बताया गया कि भगहर झील गेट पर वह ऑटो रिक्शा से उतरकर पैदल अंदरूनी रास्ते से अपने घर की ओर



जा रही थीं। इसी दौरान वह मोबाइल फोन पर अपनी बहन से बातचीत कर रही थीं। जब वह भगहर झील के पास स्थित मूर्ति विसर्जन स्थल के समीप पहुंचीं, तभी पीछे से बाइक पर सवार तीन युवक आए। तीनों युवकों ने अपने चेहरे ढक रखे थे। अचानक एक युवक ने पूजा के हाथ से मोबाइल फोन झपट लिया और तीनों बाइक से तेजी से फरार हो गए। घटना के बाद पूजा सिंह ने शोर मचाया, जिसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस और परिजनों को दी। सूचना पाकर रामनगर पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़िता से घटना की जानकारी ली। घटना से भयभीत पूजा सिंह ने पुलिस को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। पुलिस ने आरोपियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, लेकिन फिलहाल कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग सका है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी इसी मार्ग पर मोबाइल छिनैती की कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे क्षेत्रवासियों में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अनिल पाण्डेय ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम लगाई गई है और जल्द ही दोषियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### महिलाओं के लिए बनी योजना 6 साल में भी अधूरी

महोबा। महोबा के चरखारी विधानसभा से विधायक ब्रजभूषण राजपूत द्वारा जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह का काफिला रोके जाने के बाद जिले की राजनीति गरमा गई है। विधायक ने बुंदेलखंड में नमामि गंगे के तहत चल रही 'हर घर नल योजना' में देरी और कथित भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। विधायक ब्रजभूषण राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा बुंदेलखंड की महिलाओं को राहत देने के उद्देश्य से शुरू की गई यह योजना पिछले छह वर्षों में भी पूरी नहीं हो सकी है। योजना का उद्देश्य था कि महिलाओं को पानी के लिए दूर-दराज न जाना पड़े, लेकिन जमीनी हालात इसके उलट हैं। विधायक ने बताया कि योजना के तहत गांवों में जो सड़कें खोदी गईं, वे दोबारा ठीक नहीं कराई गईं। इससे कई गांवों में जलभराव की समस्या खड़ी हो गई है और ग्रामीणों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ब्रजभूषण राजपूत ने आरोप लगाया कि अधिकारी योजना की प्रगति को लेकर झूठे आंकड़े पेश कर रहे हैं।

# बाबू रामचंद्र बख्श सिंह की आदमकद प्रतिमा का अनावरण

### मुख्य अतिथि ने किया प्रतिमा का अनावरण - अरविंद कुमार सिंह गोप ने किए करकमलों से उद्घाटन

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। ब्लॉक निंदूरा क्षेत्र के कुर्सी अंतर्गत ग्राम देवरा में जनसेवा, संघर्ष और सिद्धांतों की राजनीति के प्रतीक रहे जननायक स्वर्गीय कामरेड बाबू रामचंद्र बख्श सिंह की स्मृति को अमर करने के उद्देश्य से उनकी आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों को कंबल वितरण भी किया गया, जिससे कार्यक्रम जनसेवा का सशक्त उदाहरण बना। मूर्ति अनावरण कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने अपने करकमलों से प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम का



आयोजन स्वर्गीय बाबू रामचंद्र बख्श सिंह के सुपुत्र एवं समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजय वर्मा बबलू द्वारा किया गया। जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने कहा कि बाबू रामचंद्र बख्श सिंह केवल एक नेता नहीं, बल्कि विचारधारा और संघर्ष का नाम थे। उन्होंने बाराबंकी की सदर विधानसभा सीट से तीन बार विधायक और एक बार एमएलसी रहते हुए हमेशा आम जनता की आवाज को मजबूती से सदन तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि देशभर में कम्युनिस्ट आंदोलन के चुनिंदा शीर्ष नेताओं में उनका नाम लिया जाता था। गरीबों, शोषितों और मजलूमों के हक के लिए वे स्वयं अधिकारियों के दफ्तरों तक पहुंच जाते थे। ऐसे जननायक को नमन करते हुए उन्होंने उनके पुत्र अनिल कुमार सिंह और अजय वर्मा बबलू को इस भव्य आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। पूर्व मंत्री राकेश कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय बाबू रामचंद्र बख्श सिंह द्वारा किए गए जनहित के कार्य आज भी लोगों के बीच जीवित हैं। उनकी ईमानदारी और संघर्षशील व्यक्तित्व आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। विधायक गौरव रावत (जैदपुर) ने कहा कि बाबू रामचंद्र बख्श सिंह भले ही आज हमारे बीच न हों, लेकिन उनकी स्मृतियां और कार्यशैली आज भी समाज और राजनीति में मार्गदर्शन करती हैं।

# गंगा में डूब रही थी पत्नी, बचाने कूदा पति

### तैरना नहीं आता था, खुद भी डूबने लगा, गाजीपुर में टीम ने बचाया

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गाजीपुर। गाजीपुर में माघ पूर्णिमा स्नान के दौरान एक महिला गंगा में डूबने लगी। घाट पर खड़े पति ने देखा तो उसने भी छलांग लगा दी। पति को भी तैरने नहीं आता था। वह भी डूबने लगा। दोनों को डूबता देखकर घाट पर अफरा-तफरी मच गई। चीख-पुकार सुनकर घाट पर तैनात राहत टीम हरकत में आई। टीम के जवान और स्थानीय गोताखोरों ने नदी में छलांग लगरा दी। दोनों के पास पहुंचे। दोनों को पकड़कर बाहर निकालने की कोशिश करने लगे। काफी मशक्कत के बाद भी वो लोग दोनों को बाहर नहीं ला पा रहे थे। तब तक टीम के अन्य सदस्य नाव लेकर उनके पास पहुंचे। जवानों और गोताखोरों के पास रबर रिंग फेंकी। रिंग के सहारे दोनों को नदी के किनारे लाया गया। टीम ने 30



सेकंड के अंदर रेस्क्यू पूरा कर दोनों को बचा लिया। रेस्क्यू के दौरान पति-पत्नी ने एक दूसरे का हाथ थामे रखा। बाहर निकलने पर महिला रेस्क्यू टीम का धन्यवाद दिया। कहा- आप लोगों की वजह से हम बच पाए। वरना हमारी तो पूरी दुनिया ही खत्म हो जाती। गाजीपुर के ददरीघाट पर माघ पूर्णिमा की सुबह बड़ी बाग के रहने वाले अमर ओझा और उनकी पत्नी सुषमा ओझा गंगा स्नान के लिए आए थे। अमर ने पहले स्नान कर लिया। इसके बाद उनकी पत्नी सुषमा स्नान करने के लिए पानी में उतरीं। स्नान करते हुए वह घाट से 10 मीटर आगे गहरे पानी में चली गईं। देखते ही देखते वह डूबने लगी। तभी अमर की नजर उन पर पड़ी। पत्नी को डूबता हुआ देख उन्होंने इस बात की परवाह किए बिना छलांग लगा दी कि उन्हें तैरना नहीं आता। अमर भी पानी में डूबने लगे। घाट पर अफरा-तफरी मच गई। लोग शोर मचाने लगे। मौके पर तैनात 34वीं बटालियन पीएसी की 13 सदस्यीय बाढ़ आपदा राहत टीम तुरंत हरकत में आई। टीम के जवान लाल यादव और सोनू कुमार वर्मा ने गंगा में छलांग लगा दी। स्थानीय नाविक और गोताखोर भी कूद पड़े। टीम के कुछ सदस्य नाव लेकर पहुंचे। महज 30 सेकंड के अंदर दोनों को गहरे पानी से बाहर निकाल लिया गया। रेस्क्यू के दौरान अमर और सुषमा दोनों ने एक-दूसरे का हाथ थामे रहे। बाहर आकर भी दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे रहे। रेस्क्यू टीम का धन्यवाद देते रहे। बाहर निकले पर सुषमा ने कहा- प्रशासन के लोगों ने हमें बचा लिया। उनका बहुत-बहुत धन्यवाद। मुझे तो लगा मेरी दुनिया ही खत्म हो जाएगी।

**एसपी सिटी राकेश कुमार मिश्रा ने कहा- पीएससी फ्लड यूनिट टीम के द्वारा अच्छा प्रयास किया गया। इसके लिए उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। शासन को पत्र भी लिखेंगे। गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं के स्नान को लेकर प्रशासन हमेशा अलर्ट रहता है। इसी के चलते इतना बड़ा हादसा रोका गया।**

### देवरिया में महिला पर चाकू से हमला

देवरिया। देवरिया में 28 वर्षीय महिला प्रीति देवी पर रविवार को चाकू से हमला किया गया। यह घटना सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहन चौराहा में हुई। गंभीर रूप से घायल महिला को तत्काल देवरिया मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, प्रीति देवी शहर के विभिन्न घरों में घरेलू सहायिका के रूप में काम करती हैं। वह पिछले लगभग एक वर्ष से रामनाथ देवरिया मोहल्ले में एक मकान में भी कार्यरत थीं। कुछ दिन पहले मोबाइल फोन पर अपने पति से बातचीत को लेकर उसकी मालकिन से कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद उसे काम से हटा दिया गया था। रविवार को मालकिन ने प्रीति देवी को फोन कर अपने घर बुलाया। जब प्रीति वहां पहुंची, तो दोनों के बीच पुरानी बात को लेकर फिर से विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि इसी दौरान मालकिन ने गुस्से में आकर चाकू से प्रीति पर हमला कर दिया।

# कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर 20 हजार यात्री पहुंचे

### परीक्षा और माघ पूर्णिमा स्नान साथ होने के कारण ट्रेनें खचाखच भरी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर। कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर रविवार को 20 हजार यात्री पहुंच गए। यूपीएसएसएससी की परीक्षा और माघ पूर्णिमा के स्नान को लेकर ट्रेनें यात्रियों से खचाखच भरी रहीं। बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए। माघ मेला स्पेशल ट्रेनों के साथ-साथ परीक्षा स्पेशल ट्रेनें भी चलाई गईं। प्लेटफॉर्म पर आरपीएफ और जीआरपी के जवान यात्रियों को व्यवस्थित तरीके से ट्रेन में चढ़ने और उतरने के लिए लगातार अनाउंसमेंट करते नजर आए। रविवार सुबह से ही परीक्षा देने कानपुर पहुंचने वाले परीक्षार्थियों और माघ स्नान के लिए प्रयागराज जाने वाले यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ती रही। दोपहर तक कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर भीड़



काफी बढ़ गई। दोपहर करीब 1:30 बजे प्लेटफॉर्म संख्या 6 और 7 पर यात्रियों की संख्या सबसे अधिक हो गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए रेलवे पुलिस फोर्स के साथ ही स्टेशन अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे। हजारों यात्रियों को व्यवस्थित करने के लिए अनाउंसमेंट किए गए और सायरन बजाकर भीड़ को नियंत्रित किया गया। स्टेशन पर मौजूद परीक्षार्थियों का कहना है कि भीड़ काफी अधिक है, प्रयागराज और वाराणसी आने-जाने वाली ट्रेनों में सबसे अधिक भीड़ देखने को मिल रही है।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### इंडिगो विमान को बम ...

गोमती जोन के डीसीपी आकाश पटेल और एसीपी प्रतीक चौहान फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। हालांकि जांच के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। अब यात्रियों से अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में A से Z तक लिखवाया जा रहा है। 1 से 10 तक नंबर भी लिखवाए जा रहा हैं। यात्रियों की हैंड राइटिंग मैच कराई जा रही है। ATC ने तत्काल इमरजेंसी लैंडिंग की तैयारी शुरू कराते हुए सिक्योरिटी के कंट्रोल रूम को जानकारी दी। सुरक्षा एजेंसियों को भी अलर्ट कर दिया। एयरपोर्ट अथॉरिटी और CISF ने पूरा कैंपस खाली कराया। रनवे, टर्मिनल और डिपार्चर को खाली कराकर सुरक्षा बल को तैनात किया गया। 10 से अधिक एम्बुलेंस रनवे के एप्रोच पर लगाई गई। शाम 7 बजे विमान की बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट पर लैंडिंग कराई गई। एयरपोर्ट पर उतरने के बाद विमान को पूर्वी छोर पर रोक कर रखा गया। यात्रियों को तत्काल विमान से उतार दिया गया था। सुरक्षा एजेंसियों की टीम विमान में सवार यात्रियों के पास पहुंची और जांच पड़ताल की गई। रात करीब आठ बजे यात्रियों को मुख्य टर्मिनल भवन में लाया गया। यात्रियों को स्कैनर से गुजारकर अराइवल लाउंज में लाया गया। फ्लाइट के आसपास का इलाका पूरी तरह से सील कर दिया गया। बम स्क्वॉयड और एयरपोर्ट अफसर धमकी के सोर्स की जांच शुरू कर चुके हैं। फ्लाइट में सवार यात्री के परिजन शमसाद खान ने बताया- मेरी पत्नी हैदराबाद से उसी फ्लाइट से वाराणसी आई थीं, जिसकी इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। फ्लाइट शाम करीब 6 बजे लैंड हो गई थी। इसके बाद शाम करीब 7 बजे यह जानकारी मिली कि किसी व्यक्ति ने फ्लाइट में संदिग्ध वस्तु होने की सूचना दी है। एयरपोर्ट निदेशक पुनीत गुप्ता ने बताया कि हैदराबाद से वाराणसी आ रही इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6E-6719 की पूरी तरह जांच कर ली गई है। सुरक्षा एजेंसियों की जांच के बाद विमान को पूरी तरह सुरक्षित घोषित कर दिया गया है। साथ ही एयरपोर्ट पर सभी उड़ानों का संचालन सामान्य कर दिया गया है। इस विमान में क्रू मेंबर्स सहित कुल 237 लोग सवार थे। फिलहाल एयरपोर्ट पर स्थिति पूरी तरह सामान्य है। एयरपोर्ट निदेशक पुनीत गुप्ता ने बताया कि हैदराबाद से वाराणसी आ रही इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6E-6719 की पूरी तरह जांच कर ली गई है। सुरक्षा एजेंसियों की जांच के बाद विमान को पूरी तरह सुरक्षित घोषित कर दिया गया है। साथ ही एयरपोर्ट पर सभी उड़ानों का संचालन सामान्य कर दिया गया है। इस विमान में क्रू मेंबर्स सहित कुल 237 लोग सवार थे। फिलहाल एयरपोर्ट पर स्थिति पूरी तरह सामान्य है।उन्होंने बताया कि इसी कारण सभी यात्रियों को रोक लिया गया है और उनकी 3 से 4 बार जांच की जा रही है। रात 8 बजकर 36 मिनट तक कोई भी यात्री बाहर नहीं आया था। उन्होंने फोन पर बताया कि सभी लोग अभी अंदर ही हैं और बाहर आने में और समय लगेगा। एयरपोर्ट निदेशक पुनीत गुप्ता ने बताया कि हैदराबाद से वाराणसी आ रही इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6E-6719 की पूरी तरह जांच कर ली गई है। सुरक्षा एजेंसियों की जांच के बाद विमान को पूरी तरह सुरक्षित घोषित कर दिया गया है। साथ ही एयरपोर्ट पर सभी उड़ानों का संचालन सामान्य कर दिया गया है। इस विमान में क्रू मेंबर्स सहित कुल 237 लोग सवार थे। फिलहाल एयरपोर्ट पर स्थिति पूरी तरह सामान्य है। एयरपोर्ट निदेशक पुनीत गुप्ता ने बताया कि हैदराबाद से वाराणसी आ रही इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6E-6719 की पूरी तरह जांच कर ली गई है। सुरक्षा एजेंसियों की जांच के बाद विमान को पूरी तरह सुरक्षित घोषित कर दिया गया है। साथ ही एयरपोर्ट पर सभी उड़ानों का संचालन सामान्य कर दिया गया है। इस विमान में क्रू मेंबर्स सहित कुल 237 लोग सवार थे। फिलहाल एयरपोर्ट पर स्थिति पूरी तरह सामान्य है।

### कांग्रेस को सिर्फ ...

और यह शब्द खुद वो समुदाय इस्तेमाल करता है जो बांग्लादेश से आकर बस गए हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने खुद इस शब्द को इस्तेमाल किया है। अवैध प्रवासियों की संख्या इन जिलों को मुस्लिम-बहुल क्षेत्र में बदल रही है। इसके बाद यह सिर्फ समय की बात होगी जब बांग्लादेश के साथ उनके विलय की मांग की जा सकती है। निचले असम के नुकसान से उत्तर पूर्व का पूरा भूभाग बाकी भारत से अलग हो जाएगा, और उस क्षेत्र के समृद्ध प्राकृतिक संसाधन राष्ट्र के हाथ से निकल जाएंगे। सरमा ने यह भी कहा कि ऐसी चिंताओं को स्वीकार करना सांप्रदायिकता या नफरत नहीं है। सीएम के बयान पर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि सीएम सरमा अपने बयानों को सही ठहराने के लिए सुप्रीम कोर्ट के नाम का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि एक कार्यकारी रिपोर्ट की भाषा को सुप्रीम कोर्ट से जोड़ना अदालत की अवमानना है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने 27 जनवरी को कहा था कि राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) में 4 से 5 लाख मिया मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएंगे। उन्होंने कहा था कि हिमंत बिस्व सरमा और भाजपा सीधे तौर पर मिया समुदाय के खिलाफ हैं। उन्होंने लोगों से मिया समुदाय को परेशान करने की अपील की। उनका कहना था कि जब तक उन्हें परेशानी नहीं होगी, वे असम नहीं छोड़ेंगे। मिया बांग्ला भाषी मुसलमानों के लिए इस्तेमाल होने वाला एक अपमानजनक शब्द है। असम सीएम के मुताबिक वे मूल निवासियों के संसाधनों, नौकरियों और जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। तिनसुकिया जिले के डिगबोई में एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से सरमा ने कहा वोट चोरी का मतलब यह है कि हम कुछ मिया वोट चुराने की कोशिश कर रहे हैं। आदर्श रूप से उन्हें असम में वोट डालने की अनुमति नहीं होनी चाहिए, बल्कि बांग्लादेश में वोट देना चाहिए। सीएम ने कहा, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि वे असम में वोट न कर सकें। हिमंत बिस्व सरमा ने आगे कहा था कि जो कोई भी किसी भी तरह से मिया को परेशानी दे सकता है, वह दे। आप भी इसमें शामिल हैं। रिक्शा में अगर किराया 5 रुपये है, तो उन्हें 4 रुपये दीजिए। जब तक उन्हें परेशानी नहीं होगी, वे असम नहीं छोड़ेंगे। 27 दिसंबर को SIR ड्राफ्ट रोल में असम में फिलहाल 2.51 करोड़ मतदाता हैं। इसमें 4.78 लाख नाम मृत पाए गए। 5.23 लाख लोगों के नाम ट्रांसफर हुए। वहीं, 53,619 डुप्लीकेट एंट्रीज मिलीं। चुनाव अधिकारियों का दावा है कि 61 लाख से अधिक घरों का सत्यापन पूरा किया गया है, जिससे शत-प्रतिशत कवरेज हुआ है। एयरपोर्ट निदेशक पुनीत गुप्ता ने बताया कि हैदराबाद से वाराणसी आ रही इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6E-6719 की पूरी तरह जांच कर ली गई है। सुरक्षा एजेंसियों की जांच के बाद विमान को पूरी तरह सुरक्षित घोषित कर दिया गया है। साथ ही एयरपोर्ट पर सभी उड़ानों का संचालन सामान्य कर दिया गया है। इस विमान में क्रू मेंबर्स सहित कुल 237 लोग सवार थे। फिलहाल एयरपोर्ट पर स्थिति पूरी तरह सामान्य है। मुंबई से वाराणसी आ रही एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट को अक्टूबर, 2025 में बम से उड़ाने की धमकी मिली मिली थी। तत्काल फ्लाइट की वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने 27 जनवरी को कहा था कि राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) में 4 से 5 लाख मिया मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएंगे। उन्होंने कहा था कि हिमंत बिस्व सरमा और भाजपा सीधे तौर पर मिया समुदाय के खिलाफ हैं। उन्होंने लोगों से मिया समुदाय को परेशान करने की अपील की। उनका कहना था कि जब तक उन्हें परेशानी नहीं होगी, वे असम नहीं छोड़ेंगे। मिया बांग्ला भाषी मुसलमानों के लिए इस्तेमाल होने वाला एक अपमानजनक शब्द है।

## हेटमायर ने नाबाद 48 रन बनाए, सीरीज 2-1 से अफ्रीका के नाम

# वेस्टइंडीज ने साउथअफ्रीका को 6 रन से आखिरी टी-20 हराया



मुबंई, एजेंसी

वेस्टइंडीज ने टी-20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 6 रन से हरा दिया है। जोहान्सबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में खराब मौसम और बिजली गिरने के डर के चलते मैच को 10-10 ओवर का कर दिया गया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 114 रन बनाए, लेकिन डकवर्थ-लुईस नियम के आधार पर साउथ अफ्रीका को 125 रनों का टारगेट मिला। जवाब में अफ्रीकी टीम 10 ओवर में 118 रन ही बना सकी। हालांकि, सीरीज के पहले दो मैच जीतकर



साउथ अफ्रीका ने सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली है। वेस्टइंडीज की पारी के 6 ओवर ही हुए थे कि एक बार फिर आसमानी बिजली के चलते खेल रोकना पड़ा। करीब एक घंटे के इंतजार के बाद मैच को 10 ओवर का कर दिया गया। जब खेल दोबारा शुरू हुआ, तब विंडीज के पास बैटिंग के लिए सिर्फ 4 ओवर बचे थे। डी कॉक भी 23 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

### साउथ अफ्रीका को डी कॉक ने दिलाई तेज शुरुआत



10 ओवर में 114 रन बनाने के बाद टारगेट को रिवाइज किया गया और साउथ अफ्रीका को 125 रनों का लक्ष्य मिला। क्विंटन डी कॉक ने पहले ही ओवर में 19 रन बनाकर इरादे साफ कर दिए थे, लेकिन कप्तान एडेन मार्कराम सस्ते में आउट हो गए।

### खराब मौसम के चलते दो बार रुका मैच

मैच की शुरुआत से पहले ही बिजली गिरने के चलते खेल 75 मिनट देरी से शुरू हुआ। उस वक्त अंपायरों ने इसे 16-16 ओवर का करने का फैसला लिया था। लेकिन कप्तान एडेन मार्कराम सस्ते में आउट हो गए।

### हेटमायर ने नाबाद 48 रन बनाए

वेस्टइंडीज के बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर अलग ही अंदाज में नजर आए। वे क्रीज पर बिना हेलमेट या कैप पहने ही बल्लेबाजी करने उतरे। उन्होंने लुंगी एनगिडी और केशव महाराज के खिलाफ आक्रामक शॉट खेले। हेटमायर का एक छक्का सीधा स्टैंड्स में बैठे एक दर्शक के सिर पर जाकर लगा, जिसके बाद मेडिकल टीम को उसका चेकअप करना पड़ा। हेटमायर ने 22 गेंदों में नाबाद 48 रनों की पारी खेली, जिसमें 6 छक्के शामिल थे।

# पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को 90 रन से दूसरा टी-20 हराया

## सलमान आगा और उस्मान खान की फिफ्टी, अबरार-शादाब को 3-3 विकेट

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को 90 रन से दूसरा टी-20 हराकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। लाहौर में शनिवार को पहले बैटिंग करते हुए पाकिस्तान ने 5 विकेट खोकर 198 रन बनाए। सलमान आगा और उस्मान खान ने फिफ्टी लगाई। ऑस्ट्रेलिया 108 रन ही बना सका। गद्दाफी स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। साहिबजादा फरहान 5 ही रन बनाकर आउट हो गए। सईम अयूब ने फिर कप्तान सलमान आगा के साथ टीम को 70 के पार पहुंचाया। अयूब 23 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद बाबर आजम 2 ही रन बनाकर पवेलियन लौट गए। आगा ने फिर उस्मान खान के साथ टीम को 100 के पार पहुंचाया। सलमान 76 रन बनाकर आउट हुए। आखिर



पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टी-20 में ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड 4 रन ही बना सके।

में शादान खान ने 20 गेंद पर 28 रन बनाए और टीम को 198 तक पहुंचा दिया। उस्मान ने 53 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया से जैवियर बार्टलेट, मैथ्यू कुह्नेमन, कूपर कोनोली, शॉन एबट और एडम जैम्पा ने 1-1 विकेट लिया। बड़े टारगेट के सामने ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही। ट्रैविस हेड 4 और कप्तान मिचेल मार्श 18 रन बनाकर आउट हो गए। कैमरन ग्रीन एक एंड पर टिक गए, लेकिन उनके सामने जोश इंग्लिस 5, मैट रेनशॉ 2 और कूपर कोनोली 1 ही रन बना सके। ग्रीन भी 35 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। आखिर में मैथ्यू शॉर्ट ने फाइट दिखाई, लेकिन वे भी 27 रन ही बना सके। टीम 15.4 ओवर में 108 पर सिमट गई। पाकिस्तान से अबरार अहमद और शादाब खान ने 3-3 विकेट लिए। उस्मान तारिक को 2 विकेट मिले। सईम अयूब और मोहम्मद नवाज ने 1-1 विकेट लिया। पाकिस्तान ने दूसरा टी-20 जीतकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। टीम ने पहला मुकाबला 22 रन से जीता था। दोनों टीमों के बीच वर्ल्ड कप से पहले आखिरी मुकाबला 1 फरवरी को लाहौर में ही खेला जाएगा।

# हरियाणा-दिल्ली के बीच होगा पीडब्लूएल का फाइनल मुकाबला

## दूसरे सेमीफाइनल में दिल्ली ने महाराष्ट्र को 5-4 से हराया

झज्जर, एजेंसी



प्रो रेसलिंग लीग (PWL) का सफर अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है। नोएडा इंडोर स्टेडियम में शुक्रवार रात खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने महाराष्ट्र केसरी को एक बेहद करीबी और रोमांचक मुकाबले में 5–4 से हराकर फाइनल का टिकट पक्का कर लिया। अब खिताबी जंग में दिल्ली का सामना हरियाणा की टीम से होगा। दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने शुक्रवार रात नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल 2 में महाराष्ट्र केसरी को कड़े मुकाबले में 5–4 से हराकर प्रो रेसलिंग लीग 2026 के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। 57 किग्रा पुरुष वर्ग में शानदार वापसी जीत के लिए शुभम कौशिक को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि 57 किग्रा महिला वर्ग में दबदबा दिखाने वाली मनीषा भनवाला को फाइटर ऑफ द मैच का सम्मान मिला। हेवीवेट मुकाबले में महाराष्ट्र का पलड़ा भारी रहा, जहां कप्तान रॉबर्ट बारान ने अपना अपराजेय अभियान जारी रखा। शुरुआती एक्टिविटी प्वाइंट गंवाने के बाद बारान ने दूसरे पीरियड में, खासकर पावर मिनट में, टेकडाउन और एक्सपोज़र के जरिए रोनक को 11–1 से हराकर महाराष्ट्र को बढ़त दिलाई। 53 किग्रा महिला वर्ग में निशु भनवाला ने सारिका के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में बढ़त को और मजबूत किया। पहले पीरियड की मजबूत शुरुआत के बाद, दूसरे पीरियड में सारिका की जोरदार वापसी के बावजूद महाराष्ट्र ने 7–6 की करीबी जीत के साथ स्कोर 3–1 कर लिया।

# कजाकिस्तान की रायबकिना पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन

## सबालेंका को हराया, टूर्नामेंट जीतने वाली अपने देश की पहली खिलाड़ी



मेलबर्न, एजेंसी

कजाकिस्तान की स्टार टेनिस खिलाड़ी एलिना रायबकिना ने ऑस्ट्रेलिया ओपन 2026 का महिला एकल खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। शनिवार को खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में उन्होंने टॉप सीड बेलारूस की दिग्गज खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को 6-4, 4-6, 6-4 से हराकर अपने करियर का पहला ऑस्ट्रेलिया ओपन खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही 26 वर्षीय एलिना रायबकिना ऑस्ट्रेलिया ओपन का खिताब जीतने वाली कजाकिस्तान की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से देशभर में खुशी की लहर दौड़ गई है और



खेल प्रेमियों ने उन्हें जमकर बधाई दी है। फाइनल मुकाबला करीब दो घंटे 16 मिनट तक चला, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मैच की शुरुआत में रायबकिना ने बेहतरीन सर्विस और सटीक ग्राउंड स्ट्रोक्स के दम पर पहला सेट 6-4 से जीतकर बढ़त बना ली। उनके आक्रामक खेल के सामने सबालेंका को काफी संघर्ष करना पड़ा। हालांकि दूसरे सेट में आर्यना सबालेंका ने जबरदस्त वापसी की। उन्होंने अपनी ताकतवर सर्विस और आक्रामक रिटर्न के जरिए रायबकिना पर दबाव बनाया और 4-6 से दूसरा सेट जीतकर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। निर्णायक तीसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। दर्शकों की भारी मौजूदगी के बीच रायबकिना ने धैर्य और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए अहम मौकों पर ब्रेक हासिल किया और 6-4 से तीसरा सेट जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ रायबकिना ने तीन साल पहले मिली हार का बदला भी ले लिया। गौरतलब है कि तीन साल पहले ऑस्ट्रेलिया ओपन के फाइनल में उन्हें आर्यना सबालेंका के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

### जोकोविच और अल्काराज में मेंस सिंगल्स का फाइनल

टूर्नामेंट के मेंस सिंगल्स का फाइनल मैच 24 ग्रैंड स्लैम टाइटल जीत चुके नोवाक जोकोविच और वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्काराज के बीच एक फरवरी को खेला जाएगा। यह मैच रॉड लेवर एरिना में दोपहर 2 बजे से शुरू होगा। जोकोविच ने 11वीं बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई है। जबकि, स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे हैं।

## मनोरंजन

### चिरंजीवी ने की घोषणा, कहा- मां और दोनों बच्चे स्वस्थ, शादी के 12 साल बाद दूसरी बार पेरेंट्स बने

# रामचरण-उपासना के घर हुआ जुड़वां बच्चों का जन्म

**नई दिल्ली।** साउथ सुपरस्टार रामचरण दूसरी बार पिता बने हैं। उनकी पत्नी उपासना ने 31 जनवरी को हैदराबाद के अपोलो हॉस्पिटल में जुड़वां बच्चों को जन्म दिया है। रामचरण के पिता चिरंजीवी ने इसकी घोषणा करते हुए बताया है कि डिलीवरी के बाद बच्चे और मां दोनों स्वस्थ हैं। उपासना की डिलीवरी 1 फरवरी को सुबह 9 बजे के लिए शेड्यूल की गई थी, हालांकि किसी वजह से डिलीवरी 31 जनवरी को अपोलो हॉस्पिटल में की गई। जिस हॉस्पिटल में उपासना की डिलीवरी हुई है, वो उसकी वाइस प्रेसिडेंट भी हैं। आज चिरंजीवी मीडिया को संबोधित कर सकते हैं। राम चरण



और उपासना 9वीं क्लास से साथ पढ़ाई की थी, जिसके बाद दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगे। दोनों की सगाई दिसंबर 2011 में हुई और फिर 14 जून 2012 को दोनों ने हैदराबाद के टेंपल ट्रीज फार्म हाउस में शादी की। कुछ समय पहले ही उपासना की गोद भराई के साथ रामचरण और



उपासना ने फैंस के साथ जल्द दूसरी बार पेरेंट्स बनने की खुशखबरी शेयर की थी। 'यह दीवाली रही दोगुनी खुशियों, दोगुने प्यार और दोगुने आशीर्वादों की रही।'

*चिरंजीवी ने ऑफिशियल एक्स अकाउंट (पहले ट्विटर) पर लिखा है, बहुत खुशी और दिल से भरे आभार के साथ, हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि रामचरण और उपासना को जुड़वां बच्चों का आशीर्वाद मिला है, एक बेटा और एक बेटी। आगे चिरंजीवी ने लिखा है, 'दोनों बच्चे और मां स्वस्थ हैं और ठीक हैं। दादा-दादी के रूप में इन नन्हे मेहमानों का अपने परिवार में स्वागत करना हमारे लिए शुद्ध आनंद और दिव्य आशीर्वाद का पल है। हम सभी की प्रार्थनाओं, प्यार, आशीर्वाद और शुभकामनाओं के लिए दिल से धन्यवाद देते हैं।- चिरंजीवी और सुरेखा।'*



# तमन्ना भाटिया के स्टोर लॉन्च में पहुंचे आर्यन खान

## सामंथा रुथप्रभू, सिद्धार्थ मल्होत्रा, पूजा हेगड़े समेत कई फिल्मी सितारों ने की शिरकत

**मुंबई।** फिल्म इंडस्ट्री की लोकप्रिय अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अभिनय की दुनिया में सफलता के बाद अब बिजनेस की राह पर भी कदम बढ़ा दिया है। तमन्ना ने शनिवार को मुंबई के जुहू इलाके में अपने फाइन जूलरी ब्रांड के पहले स्टोर का भव्य उद्घाटन किया। इस खास मौके पर उन्होंने अपने नए सफर की शुरुआत की और फैन्स के साथ अपनी खुशी साझा की।स्टोर लॉन्च कार्यक्रम में फिल्म और फैशन जगत से जुड़े कई नामचीन सितारे शामिल हुए। खास बात यह रही कि 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' फेम डायरेक्टर आर्यन खान भी तमन्ना को




सपोर्ट करने के लिए इस इवेंट में पहुंचे। उनकी मौजूदगी ने कार्यक्रम की रौनक और बढ़ा दी। इसके अलावा कई सेलेब्रिटी, फैशन डिजाइनर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स भी इस मौके पर नजर आए।तमन्ना भाटिया ने इस खास अवसर पर अपने माता-पिता के साथ मिलकर स्टोर लॉन्च इवेंट की मेजबानी की। उन्होंने अपने परिवार के सहयोग को अपनी सफलता की सबसे बड़ी ताकत बताया। मीडिया से बातचीत में तमन्ना ने कहा कि यह उनके लिए सिर्फ एक बिजनेस नहीं, बल्कि एक सपना है, जिसे उन्होंने काफी मेहनत और लगन से साकार किया है।लॉन्च इवेंट के दौरान तमन्ना का लुक भी चर्चा का विषय बना रहा। उन्होंने व्हाइट फ्रिल ऑफ-शोल्डर टॉप के साथ बैगी जींस पहनी थी, जिसमें वह बेहद स्टाइलिश और एलिगेंट नजर आ रही थीं। अपने इस लुक को उन्होंने मैसी बन, पॉइंटेड सिल्वर हील्स और खूबसूरत डायमंड जूलरी के साथ पूरा किया।

# फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर पर 4 राउंड फायरिंग

## मुंबई में इसी जगह कई बॉलीवुड सेलिब्रिटीज के घर

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में शनिवार देर रात फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर निर्देशक रोहित शेट्टी के घर के बाहर फायरिंग की सनसनीखेज घटना सामने आई है। अज्ञात हमलावरों ने उनके आवास के बाहर चार राउंड फायरिंग की, जिससे इलाके में दहशत का माहौल फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही मुंबई पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई।जानकारी के मुताबिक, रोहित शेट्टी मुंबई के जुहू इलाके में रहते हैं, जो फिल्मी सितारों और सेलेब्रिटीज का पसंदीदा रिहायशी क्षेत्र माना जाता है। यहां कई बड़े अभिनेता और फिल्म निर्माता भी निवास करते हैं। ऐसे सुरक्षित माने जाने वाले इलाके में फायरिंग की



घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।मुंबई पुलिस के अनुसार, यह घटना शनिवार रात करीब 3 बजे की है। उस समय ज्यादातर लोग गहरी नींद में थे। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने रोहित शेट्टी के घर के बाहर पहुंचकर चार राउंड फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग दहशत में आ गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी।घटना की खबर मिलते ही स्थानीय पुलिस, क्राइम ब्रांच और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल से खोखे बरामद किए हैं और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस पूरे इलाके की घेराबंदी कर जांच में जुटी हुई है।फिलहाल इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, जिससे राहत की बात है। बताया जा रहा है कि फायरिंग के समय रोहित शेट्टी और उनका परिवार घर के अंदर सुरक्षित मौजूद था। पुलिस ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी है और घर के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।मुंबई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि हमलावरों की पहचान के लिए हर एंगल से जांच की जा रही है।

# श्रद्धा कपूर को फिल्म में कास्ट करने के लिए डायरेक्टर को मिलीं गालियां

**नई दिल्ली।** 'आशिकी 2' ने श्रद्धा कपूर (Shraddha Kapoor) को बॉलीवुड में चमका दिया था। उनकी अदाकारी और मासूमियत की खूब तारीफ हुई। इसके बाद वह एक विलेन और हाफ गर्लफ्रेंड जैसी फिल्मों में नजर आईं। मगर एंटी-हीरोइन के कैरेक्टर में पहली बार श्रद्धा को देख हर कोई हैरान रह गया था। एंटी-हीरोइन वाली यह फिल्म थी अपूर्व लखिया की 'हसीना पारकर' (Haseena Parkar)। पहली बार श्रद्धा को गैंगस्टर की भूमिका में देखा गया था। यह उनके करियर क्राफ्ट के लिए अच्छा था लेकिन शायद ही आपको मालूम हो कि इसके लिए डायरेक्टर को गालियां पड़ी थीं। 'हसीना पारकर' का निर्देशन करने वाले अपूर्व लखिया ने एक हालिया इंटरव्यू में बताया कि पहले उन्हें दाऊद इब्राहिम पर फिल्म बनाने का ऑफर

### पहला लुक आते ही बदल गई थी सबकी राय



मिला था, लेकिन इस पर काफी कुछ पहले ही बन चुका था। इसके बाद उन्हें हसीना पारकर और उनके परिवार से मिलने के लिए कहा और इस तरह हसीना पारकर की बायोपिक बनी। मगर जब श्रद्धा को फिल्म में कास्ट किया गया तो शॉकिंग रिएक्शन मिले। रेडिफ के साथ बातचीत में अपूर्व ने कहा- जब मैंने उन्हें कास्ट किया तो सभी ने मुझे गालियां दीं। जब पहला लुक सामने आया तो सभी ने कहा जीनियस। अपूर्व लखिया ने यह भी खुलासा किया कि श्रद्धा कपूर 'हसीना पारकर' के रोल के लिए पहली पसंद नहीं थीं।

> **"सोनाक्षी सिन्हा को पहले कास्ट किया गया था। उन्होंने इस बारे में बताया- सोनाक्षी सिन्हा वास्तव में हसीना की भूमिका में फिट बैठती हैं। जब हमने उनके साथ शूटिंग शुरू की तो हमने पहले उनके यंगर वर्जन को निभाने के लिए एक और हीरोइन को कास्ट किया लेकिन फिर तारीखें तय नहीं हुईं। हमने तय किया कि इंतजार करने का कोई मतलब नहीं है क्योंकि स्क्रिप्ट अच्छी थी और हम फिल्म बनाना चाहते थे। तभी मैंने श्रद्धा से कॉन्टैक्ट किया।"**

'हसीना पारकर' भले ही बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी, लेकिन श्रद्धा कपूर को उनकी परफॉर्मेंस के लिए खूब सराहा गया था। अपूर्व लखिया जल्द ही सलमान खान के साथ बैटल ऑफ गलवान ला रहे हैं जो 17 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।



# भारत ईरान की जगह वेनेजुएला से तेल खरीदेगा : ट्रम्प

## डील पहले ही तय हो चुकी, चीन को भी डील करने के लिए कहा

### बयान

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि भारत अब ईरान से कच्चा तेल खरीदने के बजाय वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। उन्होंने दावा किया है कि भारत ने वेनेजुएला से तेल खरीदने का सौदा कर लिया है। यह बयान ट्रम्प ने वॉशिंगटन डीसी से एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दिया। हालांकि, भारत सरकार की ओर से इस पर अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। ट्रम्प ने कहा, "हमने पहले ही एक डील कर ली है। भारत वेनेजुएला से तेल खरीदेगा, ईरान से नहीं।" उन्होंने यह भी कहा कि भारत के साथ इस सौदे का कांसेप्ट तय हो चुका है।



### अमेरिका को 3 से 5 करोड़ बैरल तेल देगा वेनेजुएला

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पिछले महीने कहा था कि वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति अमेरिका को 3 से 5 करोड़ बैरल तेल सौंपेगी। ट्रम्प ने बताया कि यह तेल बाजार भाव पर बेचा जाएगा। इससे मिलने वाली रकम पर ट्रम्प का कंट्रोल रहेगा।

> रिपोर्ट के मुताबिक ऐसा इसलिए किया जा रहा है क्योंकि पश्चिमी देश भारत पर रूस से तेल आयात कम करने का दबाव बना रहे हैं और रिलायंस अपने लिए वैकल्पिक तेल सप्लाई सुरक्षित करना चाहती है। सूत्रों के मुताबिक रिलायंस के प्रतिनिधि इस मंजूरी के लिए अमेरिका के यूएस स्टेट डिपार्टमेंट और यूएस ट्रेजरी डिपार्टमेंट से बातचीत कर रहे हैं। इस पूरे मामले पर रिलायंस इंडस्ट्रीज ने रॉयटर्स की ओर से भेजे गए ईमेल का तुरंत कोई जवाब नहीं दिया।

### भारत ने 2024 में दोबारा वेनेजुएलाई तेल खरीदना शुरू किया

अमेरिका ने कुछ समय के लिए (2023-2024 में) वेनेजुएला पर आंशिक रूप से सेंक्शंस ढीले किए, जिससे भारत ने फिर से वेनेजुएला से तेल खरीदा। लेकिन मई 2025 में अमेरिका ने एक बार फिर से वेनेजुएला के तेल पर सख्ती बढ़ा दी। इसके बाद 2026 की शुरुआत में वेनेजुएला से भारत का क्रूड आयात सिर्फ 0.3% रह गया। रिलायंस ने पहले भी अमेरिका से लाइसेंस लेकर वेनेजुएला से तेल खरीदा था।

### भारत ने 2019 के बाद वेनेजुएला से तेल लेना बंद कर दिया था

अमेरिका ने 2019 में वेनेजुएला पर बहुत कड़े आर्थिक प्रतिबंध (सेंक्शंस) लगा दिए थे, अमेरिका ने सेकेंडरी सेंक्शंस भी लगा दिए, यानी जो भी देश या कंपनी वेनेजुएला से तेल खरीदती है, उसे अमेरिकी बाजार में व्यापार करने या बैंकिंग सुविधाओं से रोक दिया जा सकता था। इस वजह से कई देशों ने वेनेजुएला का तेल खरीदना बंद कर दिया। भारत भी वेनेजुएला से बहुत ज्यादा तेल खरीदता था। कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है 2024 में भारत का आयात औसतन 63,000 से 1 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच गया। 2025 में वेनेजुएला से भारत का तेल आयात बढ़कर करीब 1.41 अरब डॉलर तक पहुंच गया।



### मोदी ने 2 दिन पहले वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति से बात की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 जनवरी को वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज से टेलीफोन पर बातचीत की थी। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई थी। मोदी ने X पर पोस्ट कर बताया था कि दोनों देशों ने साझेदारी को और गहरा करने और आने वाले वर्षों में संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के साझा विजन के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया है। वेनेजुएला पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज (OPEC) का सदस्य है। उसके पास दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार है, लेकिन वह वैश्विक सप्लाई का करीब 1% ही देता है।

### फास्ट न्यूज

#### ईरान के 7 शहरों में धमाकों की खबर

तेहरान। ईरान के कम से कम 7 शहरों में धमाकों की खबर है। अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शनिवार को राजधानी तेहरान, परंद, तबरीज, कोम, अहवाज, नंताज और बंदर अब्बास में विस्फोट हुए। तुर्किये की न्यूज एजेंसी अनादोलु के अनुसार धमाकों में कम से कम 5 लोगों की मौत हुई है और 14 घायल हैं। हालांकि, अभी ईरान सरकार की तरफ से इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

#### हाइब्रिड वॉरफेयर, इलेक्ट्रॉनिक सामान के नाम पर तस्करी

लंदन। अमेरिका के बाद अब यूरोप में ड्रग्स के जरिए हाइब्रिड वारफेयर शुरू हो गया है। यूरोपोल की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन से भेजे जा रहे काले बाजार के केमिकल्स से यूरोप में मेथ और एक्स्टेसी जैसे क्लास-ए ड्रग्स बनाए जा रहे हैं। इस महीने यूरोप के कई देशों में छापेमारी कर 24 इंडस्ट्रियल लैब्स को बंद किया गया और 1,000 टन से ज्यादा प्रीकरसर केमिकल जब्त किए गए। इनमें से ज्यादातर चीन से आए थे। ड्रग्स बनाने वाले गैंग चीन से सस्ते और लगातार मिलने वाले केमिकल्स को यूरोप लाकर बड़े पैमाने पर ड्रग्स तैयार कर रहे हैं।

#### यूएई के गोल्ड डिस्ट्रिक्ट में दुनिया की अनूठी पहल

दुबई। दुबई का नाम आते ही जेहन में आती हैं ऊंची-ऊंची इमारतें और सोने के गहने। इसी वजह से दुबई 'सिटी ऑफ गोल्ड' भी कही जाती है। सोने के कारोबार में ये मुकाम यूं ही नहीं मिला। इसके पीछे लंबी सरकारी रणनीति रही है। इसी कड़ी में अब दुबई गोल्ड डिस्ट्रिक्ट लॉन्च किया गया है। यह सोने का नया वैश्विक केंद्र माना जा रहा है। दुबई गोल्ड डिस्ट्रिक्ट में दुनिया की पहली गोल्ड स्ट्रीट भी तैयार होगी। ऐसी सड़क, जो सोने की ईंटों से बनेगी।

## आज से सिगरेट के दाम 40% तक बढ़े

### फास्टैग में केवाईवी वेरिफिकेशन की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

फरवरी में 6 बड़े बदलाव हो रहे हैं। आज से सिगरेट और तम्बाकू प्रोडक्ट्स महंगे हो गए हैं। वहीं अब से नई कार, जीप और वैन के लिए फास्टैग जारी करते समय अब KYV (नो योर व्हीकल) प्रोसेस की जरूरत नहीं होगी। इसके अलावा 1 फरवरी से 19 किलो वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 50 तक महंगा हो गया है। 3 सितंबर 2025 को किए गए बदलाव के बाद अब 1 फरवरी से पान मसाला, खैनी और गुटखा जैसे तंबाकू उत्पादों पर 40% GST लगेगा। सेस हटा दिया गया है। अभी तक इन पर 28% GST के साथ 'कंपनसेशन सेस' लगता था। इससे कुल टैक्स 50% से ज्यादा हो जाता था। सिगरेट पर उसकी लंबाई के आधार पर नई एक्साइज ड्यूटी भी लागू होगी। 2.05 से लेकर 8.5 प्रति स्टिक तक ये एक्साइज ड्यूटी लगेगी। इसके अलावा तंबाकू उत्पादों की तरह सिगरेट पर 40% GST भी लगेगा। एक्साइज ड्यूटी मैन्युफैक्चरिंग कॉस्ट में जुड़ती है। जब सिगरेट फैक्ट्री से निकलती है, तो उस पर एक्साइज लग चुका होता है। इसके बाद जब उस पर GST लगाया जाता है।



### यौन बीमारी के दावे को गलत बताया, कहा- एपस्टीन फाइल्स में लगे आरोप पूरी तरह झूठे

## रूसी लड़कियों से संबंध नहीं बनाए : बिल गेट्स

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर और अरबपति बिल गेट्स ने रूसी लड़कियों से संबंध बनाने और यौन बीमारी होने के आरोपों को खारिज कर दिया है। यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी फाइलों में दावा किया गया है कि बिल गेट्स के रूसी लड़कियों के साथ यौन संबंध थे और इसके बाद उन्हें यौन रोग (STD) हुआ। गेट्स के प्रवक्ता ने इन आरोपों को पूरी तरह बेतुका और झूठा बताया। उन्होंने कहा कि ये दावे गेट्स को फंसाने और बदनाम करने की कोशिश हैं। अमेरिकी न्याय विभाग ने 30 जनवरी को जेफ्री एपस्टीन जांच से जुड़े करीब 30 लाख पन्नों के दस्तावेज, 2,000



वीडियो और 1.8 लाख तस्वीरें सार्वजनिक की हैं। शुक्रवार को रिलीज हुई फाइल्स में एपस्टीन ने एक मेल में दावा किया कि यौन रोग होने के बाद बिल गेट्स ने उससे एंटीबायोटिक दवाएं मांगी थी, ताकि वह ये दवाएं चुपचाप अपनी पूर्व पत्नी मेलिंडा गेट्स को दे सकें। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, एपस्टीन ने एक ईमेल में गेट्स पर आरोप लगाया था।

### एपस्टीन से संबंधों पर पछतावा जता चुके बिल गेट्स

बिल गेट्स पहले कह चुके हैं कि उन्हें एपस्टीन के साथ अपने संबंधों पर पछतावा है। हालांकि उन्होंने किसी भी तरह की गलत गतिविधियों से इनकार किया है। और वे कभी किसी पार्टी या निजी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। न्यूयॉर्क टाइम्स और वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि गेट्स ने 2011 से 2013 के बीच एपस्टीन से कई बार मुलाकात की।

> प्रवक्ता के मुताबिक, इन दस्तावेजों से सिर्फ इतना पता चलता है कि जेफ्री एपस्टीन इस बात से नाराज था कि बिल गेट्स ने उससे दूरी बना ली थी। इसी वजह से वह गेट्स की छवि खराब करने की कोशिश कर रहा था।



### अफेयर्स के चलते गेट्स का मेलिंडा से तलाक हुआ

बिल और मेलिंडा गेट्स की शादी 1994 में हुई थी। दोनों का 2021 में तलाक हो गया था। मेलिंडा ने बाद में कहा था कि गेट्स के अफेयर्स और एपस्टीन से संबंध उनके तलाक की बड़ी वजह बने। गेट्स और एपस्टीन की मुलाकातों की खबरें सामने आने के बाद 2019 में मेलिंडा ने वकीलों से बात की थी।

### एपस्टीन केस की पूरी कहानी क्या है

इसकी शुरुआत 2005 में तब हुई जब फ्लोरिडा में एक 14 साल की लड़की की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसमें कहा गया कि एपस्टीन के आलीशान घर में उसकी बेटी को 'मसाज' के बहाने बुलाया गया था, लेकिन वहां पहुंचने के बाद उस पर सेक्स का दबाव डाला गया।

## चीनी जेट बेचकर कर्जा चुका रहा पाकिस्तान

### जेएफ17 फाइटर जेट्स की सउदी अरब, लीबिया जैसे देशों से डीलिंग की, हर साल 50 जेट बन रहे

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान अपना कर्जा चुकाने के लिए चीन के फाइटर जेट्स की अन्य देशों के साथ डीलिंग कर रहा है। उसने नाइजीरिया, अजरबैजान, लीबिया, सऊदी अरब, मोरक्को, इंडोनेशिया, इथियोपिया और सूडान जैसे देशों को ये जेट्स बेचे हैं। जिन देशों को जेट्स दिए गए हैं उनमें से 8 मुस्लिम देश हैं। इस्लामाबाद के कामरा में चीन सरकार का चेंडु एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन (सीएसी) और पाकिस्तान एयरोनॉटिकल कॉम्पलेक्स (पीएसी) जॉइंट वेंचर प्रोडक्शन कर रहे हैं। ये प्रोडक्शन यूनिट पूरी तरह से चीन ही ऑपरेट कर रहा है। चीन के लगभग 500 एयरोनॉटिकल इंजीनियर यहां पर नियुक्त हैं। कामरा यूनिट से हर साल लगभग 50 जे सीरीज फाइटर जेट का प्रोडक्शन किया जा रहा है। पाकिस्तान ने सऊदी अरब को चीन के जेट बेच कर 18 हजार करोड़



रुपए का कर्ज भी चुका दिया। इससे बार्टर डील कहा जा रहा है। पाक पर सऊदी का लगभग 70 हजार करोड़ रुपए का कर्ज है। चीन के फाइटर जेट बेचने को ऑलवेज ब्रदर डील का नाम दिया गया है। लगभग 200 करोड़ रुपए के एक जे सीरीज के फाइटर जेट को बेचने का लगभग 80% से ज्यादा हिस्सा चीन के हिस्से में

### पाक पीएम बोले- कर्ज मांगने में अब शर्म आती है

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज ने विदेशी कर्ज पर देश की बढ़ती निर्भरता को लेकर नाराजगी जताई है। न्यूज एजेंसी तमसा संकेत के मुताबिक, शहबाज ने शुक्रवार को माना कि देश की बदहाल आर्थिक स्थिति के कारण उन्हें बार-बार विदेशी दौरों पर जाकर कर्ज मांगना पड़ा। शहबाज ने कहा- कर्ज लेना हमारे आत्मसम्मान पर बहुत बड़ा बोझ है। कई बार हमें कॉम्प्रोमाइज करना पड़ता है। कई बार हम उनकी शर्तों को 'ना' भी नहीं कह पाते।

जाता है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज ने विदेशी कर्ज पर देश की बढ़ती निर्भरता को लेकर नाराजगी जताई है। न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक, शहबाज ने शुक्रवार को माना कि देश की बदहाल आर्थिक स्थिति के कारण उन्हें बार-बार विदेशी दौरों पर जाकर कर्ज मांगना पड़ा। शहबाज ने कहा- कर्ज लेना हमारे आत्मसम्मान पर बहुत बड़ा बोझ है। कई बार हमें कॉम्प्रोमाइज करना पड़ता है। कई बार हम उनकी शर्तों को 'ना' भी नहीं कह पाते।

### पाक के नाम बैटल रेडी ब्रांडिंग कर रहा चीन

वर्ल्ड आर्म्स मार्केट में बैटल रेडी ब्रांडिंग बेहद जरूरी होती है। चीन ने 47 साल से किसी देश के साथ युद्ध नहीं लड़ा है। ऐसे में पाक चीन के हथियारों की बैटल रेडीनेस खरीदारों को बता रहा है। पाक इसके लिए भारत और अफगानिस्तान के खिलाफ इन हथियारों के इस्तेमाल को पेश करता है।

### तुर्किये की कामीकाजी ड्रोन की यूनिट भी पाक में

पाक ने चीन के अलावा तुर्किये के साथ भी हथियार बनाने के प्लान पर काम शुरू कर दिया है। तुर्किये के कामीकाजी (आत्मघाती) ड्रोन की संयुक्त यूनिट अगले साल लाहौर के पास लगाने का समझौता हुआ है। पाकिस्तान ने हर साल लगभग 200 ड्रोन प्रोडक्शन का लक्ष्य रखा है।

## पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश पर रेप का आरोप

### एपस्टीन फाइल्स से खुलासा, इसमें 100 से ज्यादा बार ट्रम्प का भी नाम

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट की तरफ से 30 जनवरी को जारी एपस्टीन फाइल्स में पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज बुश पर एक पुरुष के साथ रेप का आरोप लगा है। जॉर्ज बुश का नाम एपस्टीन की निजी डायरी या रिकॉर्ड में नहीं है। बल्कि उनका जिक्र न्यूयॉर्क पुलिस की चाइल्ड एक्सप्लॉइटेशन यूनिट को दी गई एक शिकायत में है। यह शिकायत उस शख्स ने दी थी, जो खुद को एपस्टीन का पीड़ित बताता है। दस्तावेजों में शामिल एक ईमेल में पीड़ित के बयान का जिक्र है। इसमें लिखा है कि 'बुश-1 ने भी उसके साथ बलात्कार किया।' ये कहीं नहीं बताया गया है कि 'जॉर्ज बुश 1' कौन हैं। अमेरिका में जॉर्ज बुश नाम के 2 राष्ट्रपति रह चुके हैं। 1998 में जॉर्ज बुश सीनियर राष्ट्रपति बने थे, वहीं उनके बेटे जॉर्ज डब्ल्यू बुश 2000 में राष्ट्रपति बने। वहीं, नई रिलीज फाइल्स में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड



ट्रम्प का 100 से ज्यादा बार जिक्र है। हालांकि ट्रम्प का ज्यादातर जिक्र FBI की लिस्ट में है। FBI ने इसे पिछले साल तैयार किया था। इसमें वे बातें दर्ज हैं, जो कुछ लोगों ने FBI को फोन करके ट्रम्प के खिलाफ कही थीं। ये आरोप ज्यादातर बिना किसी ठोस सबूत के हैं और सिर्फ फोन पर मिली जानकारियों पर आधारित हैं, जिनकी पुष्टि नहीं हो पाई है। 27 अगस्त 2019 को FBI और न्यूयॉर्क पुलिस ने न्यूयॉर्क में एक शख्स का इंटरव्यू लिया। उसने आरोप लगाया कि वह पहली बार एपस्टीन से बचपन में मिला और साल 2000 में एक यॉट पर उसके साथ बलात्कार हुआ।

**गिरावट : सोना ₹31 हजार सस्ता होकर ₹1.38 लाख पर आया, प्रॉफिट बुकिंग से गिरे दाम**

## चांदी दो दिन में ₹1.36 लाख सस्ती, ₹2.65 लाख आई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

गोल्ड और सिल्वर मार्केट में लगातार दूसरे दिन गिरावट है। आज यानी 1 फरवरी को बजट पेश होने से पहले वायदा बाजार में चांदी 26 हजार रुपए (9%) गिर गई। 1 किलो चांदी का भाव 2.65 लाख रुपए पर आ गया। सोने में भी 12 हजार रुपए (8%) की गिरावट है। 10 ग्राम सोना 1.38 लाख रुपए पर आ गया है। सेबी रजिस्टर्ड कमोडिटी एक्सपर्ट अनुज गुप्ता ने कहा कि शिकागो मर्केंटाइल एक्सचेंज (CME) ने कॉपर के बाद अब सोने और चांदी पर भी मार्जिन मनी बढ़ा दी है। सोने पर मार्जिन 6% से बढ़ाकर 8% कर दिया है। वहीं चांदी



पर इसे 11% से बढ़ाकर 15% कर दिया गया है। मार्जिन बढ़ने से कीमतों पर दबाव बने रहने की उम्मीद है। कमोडिटी मार्केट में जब कोई बड़ा सौदा करता है, तो उसे पूरे पैसे तुरंत नहीं देने होते। उसे कुल कीमत का एक छोटा हिस्सा सिक्योरिटी के तौर पर जमा करना पड़ता है, जिसे 'मार्जिन' कहते हैं। मार्जिन बढ़ने का मतलब है।

### सर्राफा बाजार आज बंद, 30 जनवरी को चांदी 40 हजार गिरी

सर्राफा बाजार आज बंद है। इससे पहले 30 जनवरी को चांदी 40,638 रुपए और सोना 9,545 रुपए सस्ता हुआ था। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, एक किलो चांदी 3,39,350 रुपए किलो पर आ गई है।

### दो दिन में सोना ₹31 हजार और चांदी ₹1.36 लाख सस्ती

- वायादा बाजार यानी मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (MCX) पर सोने के दाम में दो दिन में 31 हजार रुपए की गिरावट हुई है।
- 29 जनवरी को ये 1.69 लाख रुपए पर पहुंच गया था, जो आज 1.38 लाख रुपए पर ट्रेड कर रहा है।
- चांदी की कीमत में 1.36 लाख रुपए की गिरावट हुई है। 29 जनवरी को ये 4.01 लाख रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी, जो आज 2.65 लाख रुपए पर ट्रेड कर रही है।

### गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ 15% तक गिरे

सोना और चांदी की कीमतों में MCX पर आई इस गिरावट का सीधा असर एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ETF) पर भी पड़ा।

## अमेरिकी राष्ट्रपति की पत्नी की डॉक्यूमेंट्री प्रोपेगैंडा बनकर रह गई

### मेलानिया की फिल्म फ्लॉप, सिनेमाघरों में दर्शकों का टोटा

**वॉशिंगटन/लंदन, एजेंसी**

वॉशिंगटन/लंदन। अमेरिका की फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रम्प पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'मेलानियाः 20 डेज टू हिस्ट्री' शुक्रवार को दुनियाभर में रिलीज हुई, लेकिन इसे दर्शकों से उम्मीद के मुताबिक प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी। भारी प्रचार-प्रसार और बड़े बजट के बावजूद फिल्म सिनेमाघरों में दर्शकों को आकर्षित करने में नाकाम रही। अमेरिका से लेकर ब्रिटेन तक अधिकतर थिएटर खाली नजर आए। यह डॉक्यूमेंट्री जनवरी 2025 में डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बनने से ठीक 20 दिन पहले के समय पर आधारित है। फिल्म में मेलानिया ट्रम्प की निजी जिंदगी, उनकी तैयारियों और व्हाइट हाउस में वापसी से पहले के दिनों को दिखाया गया है। खास



बात यह है कि इस फिल्म को खुद मेलानिया ट्रम्प ने को-प्रोड्यूस किया है। उन्होंने दावा किया था कि "हर कोई मेरी कहानी जानना चाहता है", लेकिन बॉक्स ऑफिस पर हालात इसके उलट नजर आए। ब्रिटेन की राजधानी लंदन में फिल्म की स्थिति सबसे ज्यादा निराशाजनक रही। प्रीमियर से पहले इस्लिंगटन के एक सिनेमाघर में दोपहर के शो के लिए सिर्फ एक टिकट बिका, जबकि शाम के शो में महज दो दर्शक पहुंचे।

> *बताया जा रहा है कि अमेजन ने इस डॉक्यूमेंट्री के राइट्स और मार्केटिंग पर करीब 687 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इतने बड़े निवेश के बावजूद फिल्म को दर्शकों से अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिली, जिससे निर्माताओं को बड़ा झटका लगा है। फिल्म में मेलानिया के निजी जीवन की कुछ झलकें जरूर दिखाई गई हैं, उदाहरण के तौर पर, फर्स्ट लेडी की भूमिका को लेकर उनकी असहजता तो दिखाई गई है, लेकिन उनके राजनीतिक विचारों और विवादों को पूरी तरह छिपा लिया गया है।*

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।

मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96